संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 09 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सीएम योगी आदित्यनाथ विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 211 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

GOVT. OF PUNJAB

# पंजाब की तरक्की, 12,710 टीचर्स की नौकरियां पक्की

## एक और वादा पूरा

पंजाब सरकार द्वारा इन शिक्षकों के वेतन में 2 से 4 गुना तक बढ़ोतरी की गयी है। इसके साथ हर साल 5% की वेतन में वृद्धि और नियमित टीचर्स को मिलने वाले सारे लाभ भी दिए जायेंगे।





" एक शिक्षक का बेटा होने के नाते मैं शिक्षकों की समस्याओं को जानता हूँ। समस्याओं को हल करना मेरा कर्तव्य है। हम सब मिलकर बनाएंगे एक रंगला पंजाब। "

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# मेयर ने सुन्दर सांवरी पहुंच कर सुनी आमजन की समस्याएं



**जनसमस्या**

- निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी सहित संबंधित निगम अधिकारी रहे मौके पर मौजूद
- पुरानी सीवरेज लाइन ठप्प होने के कारण गलियों में हो रहा जलभराव
- समस्या के स्थाई समाधान हेतु डाली जाएगी नयी सीवरेज लाइन
- मेयर ने नगर निगम अधिकारियों को मौके पर ही एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के दिए दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मेयर निखिल मदान वार्ड नं 1 के सुन्दर सांवरी क्षेत्र में पहुंचे जहाँ उन्होंने आमजन की सीवरेज ओवरफ्लो और सफाई व्यवस्था संबंधी समस्याएं सुनी और मौके पर ही निगम अधिकारियों को समस्या के स्थाई समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए।
स्थानीय निवासी हरेंद्र मंडल ने बताया कि जटवाड़ा गौशाला रोड पर सुन्दर सांवरी की बूस्टर वाली गली में वर्षों पुरानी सीवरेज लाइन पूरी तरह से जर्जर हालत में है और बिल्कुल ठप्प हो चुकी है। इसके अवरुद्ध होने के कारण गली के सारे मेन होल ओवरफ्लो हो रहे है, और पूरी गली में दूषित जल भराव की समस्या पैदा हो रही है। बरसात के समय गली में कई कई फुट पानी खड़ा हो जाता है जिससे गलीवासियों का घर से निकलना दूभर हो जाता है। साथ ही विभिन्न बीमारियों के फैलने की भी आशंका बनी रहती है। इसके चलते क्षेत्रवासी बेहद परेशान है और उनकी यही मांग है कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया जाये।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय लोगों के माध्यम से उपरोक्त समस्या उनके संज्ञान में आयी थी। आज उन्होंने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया है। मेयर निखिल मदान ने सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार एवं मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार को गली में 16 इंच (400`) की नई सीवरेज लाइन डालने के लिए एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही गली की सीवरेज लाइन को आगे मुख्य लाइन में जोड़कर व्यवस्था को बेहतर करने के आदेश दिए।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने की बैठक



**तैयारियां**

- अनाज मंडी अम्बाला शहर में भी जिला स्तरीय समारोह के दृष्टिगत तैयारियां दुरुस्त होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने अपने कार्यालय में 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों बारे सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए विस्तार से समीक्षा की और समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन को उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए अनाज मंडी अम्बाला शहर में भी जिला स्तरीय समारोह के दृष्टिगत सभी तैयारियां दुरूस्त होनी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह को लेकर अब तक क्या तैयारियां की जा चुकी हैं, सम्बधिंत अधिकारियों से उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रैक की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए, गत दिनों बारिश के कारण मैदान के साथ-साथ कुछ जगहों पर पानी एकत्रित हुआ हैं, नगर निगम यहां से पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करें व साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था के कार्य को भी दूरूस्त करवाना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कार्यक्रम में दी जाने वाली प्रस्तुतियों के बारे में भी जानकारी लेते हुए संस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन भी समय रहते करने बारे निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में यह भी कहा कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत अनाज मंडी अम्बाला शहर में भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त होनी चाहिए। उन्होंने मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को कहा कि वे यहां पर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखें। बैठक के उपरान्त अतिरिक्त उपायुक्त ने दोनों स्थलों का दौरा किया और कार्यक्रम के दृष्टिगत दोनों जगहों पर जो व्यवस्थाएं करनी है उन्हें करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी बताया कि 9 अगस्त से 11 अगस्त तक पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में पूर्वाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इसको देखते हुए भी यहां पर जो आवश्यक कार्य करने है उन्हें करने बारे भी निर्देश दिए। समारोह के दृष्टिगत 13 अगस्त को फाईनल रिहर्सल को आयोजन किया जाएगा।
बैठक में एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, डीएसपी रमेश कुमार, डीईओ सुरेश कुमार, कार्यकारी अभियन्ता हरीश धीमान, कार्यकारी अभियन्ता कर्णवीर, कार्यकारी अभियन्ता नवदीप श्योरण, डीएचओ डॉ. विरेन्द्र पुनिया, एसडीओ दलबीर सिंह, डॉ.संजीव सिंगला, सचिव दलेल सिंह के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने निवास स्थान पर सुनी लोगों की समस्याएं

**समाधान**

- लोगों की जो सामुहिक समस्याएं है, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने प्रेम नगर स्थित अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस मौके पर उन्होंने सम्बधिंत अधिकारियों को कहा कि लोगों की जो सामुहिक समस्याएं है, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत विधायक असीम गोयल ने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते लोगों को समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करवाना उनका दायित्व हैं। उन्होंनें कहा कि लोगों की जो समस्याएं एवं शिकायतें है उनका भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएगें। इस दौरान पार्षद अर्चना छिब्बर की अध्यक्षता में राम नगर व इन्द्र नगर से आए लोगों ने अपनी शिकायतें रखी। विधायक ने पार्षद व लोगों को आश्वस्त किया कि नगर निगम व लोक निर्माण (भवन व सडके) विभाग के तहत जो भी समस्याएं उनके क्षेत्र की है उनका निवारण करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान रत्नगढ से रिम्मी मल्होत्रा व अन्य लोगों ने सडक निर्माण बारे, पलिका विहार से आए लोगों ने नाले के निर्माण बारे विधायक को लिखित प्रार्थना पत्र देकर इन कार्यो को करवाने बारे गुहार लगाई। विधायक ने कहा कि विकास कार्यो से सम्बंधित जो भी कार्य हैं उन्हें चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान आए लोगों को यह भी कहा कि जो भी शिकायत या समस्या रखी गई है, उन सभी का निवारण करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पार्षद अर्चना छिब्बर, मंडल अध्यक्ष पार्षद हितेश जैन, संजीव गोयल टोनी, दिनेश लदाना, मनदीप राणा, अनिल गुप्ता, गुरप्रीत शाना, पार्षद शोभा पुनिया, दर्शन सिंह माणकपुर, यशपाल, सोनू सरपंच, कुलवीर सिंह खासपुर, मनदीप राणा, मौजूद रहे।

# अवैध हथियार की घटना में एक और आरोपी जांच में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/मुरथल**
जिले के थाना मुरथल की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी को शामिल जाँच किया है। आरोपी कुलदीप पुत्र धज्जाराम वासी वजीरपुर गोहाना का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि स्पैशल एंटी गैंगस्टर एक्टिविटी युनिट सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही महिपाल अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में न्यू गोहाना बाईपास जी. टी. रोड मुरथल की सीमा में मौजूद था कि इन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ दिखाई दिया। जिसको काबू करके नाम व पता पूछा तो अपनी पहचान दीपक पुत्र बलवान निवासी लाठ हाल गाँधी नगर, गन्नौर जिला सोनीपत के रूप में दी। तलाशी लेने पर इसके कब्जा से एक अवैध देसी पिस्तौल व सात जिन्दा कारतूस मिले। गिरफतार आरोपी के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना मुरथल में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम द्वारा घटना में संलिप्त एक आरोपी दीपक पुत्र बलवान निवासी लाठ हाल गाँधी नगर, गन्नौर को पहले ही गिरफतार करके न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया था। थाना मुरथल की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही बलगान्नद द्वारा घटना मे पुलिस कार्यवाही करते हुए एक और आरोपी कुलदीप पुत्र धज्जाराम वासी वजीरपुर गोहाना को शामिल जाँच कर न्यायिक प्रिक्रियानुसार कार्यवाही की।

# तप और त्याग शरीर के लिए एक संजीवनी बूटी की तरह: रमेश मुनि



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
श्री एस एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजमान ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर से मुकेश मुनि महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि महाराज.` प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि तप और त्याग शरीर के लिए एक संजीवनी बूटी की तरह है कई असाध्य रोग जिसमें दवाई काम नहीं करती तप अपना असर दिखा देती है.`उन्होंने कहा कि पुरातन काल में साधु सन्यासी तपस्या के बलबूते पर जीवन पर्यंत निरोग रहते थे उन्होंने कहा कि जिस तरह अग्नि में तप कर सोना कुंदन बन जाता है, उसी तरह तपस्या से जीवन के सभी विकारों से मुक्ति मिल जाती है।
मनुष्य में सद्गुणों का समावेश होने लगता है, तपस्या कठिन जरूर है लेकिन इसका फल बहुत मीठा होता है` आज के युग में जब हर आदमी तनाव व निवेश से ग्रसित है ऐसे समय तपस्या संजीवनी साबित हो सकती है` श्री एस एस जैन सभा गुड मंडी सोनीपत के तत्वाधान में मुनि मायाराम परंपरा के उज्जवल नक्षत्र श्री रमेश मुनि जी महाराज धर्म साधना की श्रृंखला में धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा युवा तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज ने तप का मार्ग चुना है, और हर साल चातुर्मास के दौरान लंबी लंबी तपस्या की है आज भी वह पिछले 38 दिनों से नीरस भोजन कर रहे हैं`24 घन्टे में केवल एक बार` जिसको शास्त्र में आयम्बिल तप कहा गया है, इस आयम्बिल तप में साधक को नीरस भोजन करना होता है।

# इको गाड़ी चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जिले की क्राईम युनिट गन्नौर की पुलिस ने इक्को गाडी चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र रामपाल वासी गढी ब्राहमणा व नवीन पुत्र उमेद वासी सिक्का कालोनी सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 11 मार्च को शेख अब्दुल रफिक पुत्र सेख शाह आलम वासी जहांगीरपुरी दिल्ली हाल बढमलिकपुर ने थाना राई में शिकायत दी थी कि दिनांक 9/3/23 को मेरे मकान के बाहर आंगन से मेरी इक्को गाडी चोरी हो गई व गाडी के सारे कागजात आर.सी, लाईसैंस. पोल्युशन व बैंक की चैकबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ए.टी.एम गाडी के अन्दर ही रखे थे। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना राई में अभियोग दर्ज किया गया था। क्राईम युनिट गन्नौर की अनुसंधान टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही अमीन कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त दो आरोपी दीपक पुत्र रामपाल वासी गढी ब्राहमणा व नवीन पुत्र उमेद वासी सिक्का कालोनी सोनीपत गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार आरोपीयों से घटना में चोरीशुदा इक्को गाडी भी बरामद कर ली है।
गिरफ्तार आरोपीयों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिये गये है।

# राज्य प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर ही खिलाड़ी नेशनल तक पहुंचते हैं: संदीप गर्ग

**परचम**

- एचसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
गांव मथाना के एचसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराया।
जिसको लेकर स्कूल में मंगलवार को विजेता खिलाड़ियों के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत कर हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ ने मांगों के समर्थन में पैराकिट पर्यटन केंद्र पिपली में दिया जोनल धरनाविजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज जो बच्चे प्रतियोगिता में जीत नहीं पाए उनको निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि आगे और अच्छे से खेलना चाहिए।

# जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 19 अगस्त को



**उत्साह**

- इस बार जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता अम्बाला योगा फेडरेशन द्वारा चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19 अगस्त 2023 को वॉर हीरोज मेमोरियल इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम अम्बाला छावनी में होगी। योगा फेडरेशन के अध्यक्ष राजिंदर विज ने बताया कि इस बार जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी शिक्षक स्थानों के मुख्य अध्यापकों से निवेदन किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजें इस वर्ष पहली बार प्रतियोगिता में 9 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिसमें सब जूनियर, सीनियर, सीनियर ए, सीनियर बी, सीनियर सी , तक के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता को चार भागों में बांटा गया है। योगा प्रतियोगिता ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, सिंगल प्रतियोगिता करवाई जायेगी।
जिसे इस प्रकार आयु वर्ग में बांटा गया हैं- आयु वर्ग 9 से 14 सब जूनियर,14 से 18 जूनियर,18 से 28वर्ष सीनियर,28 वर्ष से 35 वर्ष सीनियर ए, 35 वर्ष से 45 वर्ष सीनियर बी,45 वर्ष से 55 वर्ष सीनियर सी की प्रतियोगिता को बांटा गया है ।

# श्रावण के पांचवे सोमवार को की गई महाकालेश्वर की विशेष आरती



**विशेष महत्व**

- सर्व मंगल कामना के साथ मुख्य यजमान व अन्य ने महाकालेश्वर की विशेष आरती की ओर पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से श्रावण मास के पांचवे सोमवार की रात्रि को श्री कालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आरती का आयोजन किया गया। आरती में मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी व कैटर्स तिलक राज ने परिवार सहित शिरकत की। सभा की ओर से संचालित कुरुक्षेत्र वेद विद्यालय के ब्रह्मचारियों ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया। सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य यजमान तिलक राज को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। आरती के बाद सभा की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और प्रसाद भेंट किया। सर्व मंगल कामना के साथ मुख्य यजमान व अन्य ने महाकालेश्वर की विशेष आरती की ओर पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभा के सदस्यों ने भी कालेश्वर महादेव की इस विशेष आरती में भाग लिया। आरती से पूर्व महिला मंडल द्वारा संकीर्तन किया गया। गणमान्यों ने मंदिर परिसर स्थित साई बाबा मंदिर में जाकर पूजा की। मंदिर पुजारी ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर एकमात्र शिवालय है जहां पर शिव जी के साथ नदी नहीं हैं। शास्त्रों के अनुसार मंदिर में महाप्रतापी रावण ने भगवान शिव की पूजा करके काल पर विजय का आशीर्वाद प्राप्त किया था और भगवान शंकर से प्रार्थना की थी कि जब भी आशीर्वाद दें तो उसका कोई साक्षी नहीं होना चाहिए। तब भगवान शिव नंदी को छोडकर यहां प्रकट हुए थे। महाराणा प्रताप की राजा रावण को काल पर विजय का आशीर्वाद दिया था। कालेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास में पूजा और आरती का विशेष महत्व है।

# तेल चोरी करने की घटनाओं में शामिल सदस्य गिरफ्तार

**शिकंजा**

- खरखौदा में तेल चोरी में सक्रिय है जिसने पिछले दिनों में तेल पाइपलाइन में सुराख करके तेल चोरी किया

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा**
पहली घटना में- जिले के थाना खरखौदा की पुलिस ने पेट्रोलियम पाइप लाइन में सुराख करके तेल चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ लोटा पुत्र राजकुमार वासी नाहरा सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 11 दिसम्बर 2020 को अभिषेक कसिधन मनेजर, ब्रिजवासन, दिल्ली ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि एक गिरोह थाना खरखौदा के इलाका में तेल चोरी में सक्रिय है जिसने पिछले कुछ दिनों में गाँव मन्डोरा के खेतों से गुजर रही तेल पाइपलाइन में सुराख करके तेल चोरी किया हैं। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधानकर्ता ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबिन करते हुए घटना में संलिप्त 14 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

# खालसा हाईस्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा के प्रत्येक गाँव तक साइकिल पर जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस कड़ी में खालसा हाई स्कूल, कोर्ट रोड अम्बाला शहर में 58 वां, राजकीय उच्च विद्यालय जंडली में 59 वां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवला में 60 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीनों विद्यालय में प्राचार्या तरनजीत कौर, मुख्य अध्यापिका उषा रानी और प्राचार्य अनुपिका ने कार्यक्रम के संयोजन में विशेष भूमिका निभाई। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद शैली में नशे जैसी भयंकर बुराई पर चर्चा करते हुए उन्हें नशे के प्रभावों बारे अवगत कराया। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी हुक्का और इ-हुके की ओर आकर्षित होकर अपने जीवन को नष्ट करने में तुली हुई है। विद्यार्थियों से बातचीत के माध्यम से नशे के बारे में उनके विचारों को जानकार उन्हें विभिन्न स्थानों पर नशे के कारण हो रही घटनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि नशे के कारण किस प्रकार परिवार उजड़ रहे हैं। नशा के दो रूप होने का वर्णन करते हुए बताया कि नशा दोनों ही अवस्थाओं में मनुष्य के लिए घातक है। ड्रग्स के बारे में बताते हुए कहा कि अधिकतर ड्रग्स देश में विदेशों से आ रही है और भारत सरकार हर प्रकार से नशा मुक्त भारत करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार नशा मुक्त हरियाणा को लेकर ठोस कार्य कर रही है। फलस्वरूप हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया गया है।
पिछले वर्ष हरियाणा सरकार द्वारा अनेक ऐसे नशा तस्करों की संपत्ति पर पीला पंजा चलाया है जो नशे तस्करी में संलिप्त थे। उनकी संपत्ति को जब्त करने के उपरांत अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 09 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली सरकार ने 16 अगस्त को विधानसभा का सत्र बुलाया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 211 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### आर्टिकल 370 पर हुई सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 8 अगस्त को सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले पांच जजों की बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

### लैंड फॉर जॉब स्कैम: सीबीआई को मुकदमा चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से तेजस्वी यादव के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी है। जस्टिस एमके नागपाल ने आदेश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि लालू प्रसाद और रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने के लिए अनुमति अभी नहीं मिली है। उसके बाद कोर्ट ने 12 सितंबर को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। इससे पहले 12 जुलाई को भी सुनवाई के दौरान सीबीआई ने बताया था कि लालू प्रसाद यादव और रेलवे के दो अधिकारियों के खिलाफ संबंधित अथॉरिटी से मुकदमा चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई आज तक के लिए टाल दी थी। सीबीआई ने 3 जुलाई को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।
सीबीआई ने इस चार्जशीट में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आरोपित बनाया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। 15 मार्च को कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी।

## तीसरी आंख




# अविश्वास प्रस्ताव पर हुई जोरदार बहस

- राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते: निशिकांत दुबे
- प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना

**चर्चा**

▶▶ सोनिया गांधी का एक ही मकसद है- बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना: निशिकांत दुबे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में अविश्वास प्रस्ताव पर शाम 6 बजे तक चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है- बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के सीएम, जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। भाजपा सांसद राहुल के भाषण देने की मांग करने लगे। विश्वास प्रस्ताव की शुरूआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया।



### बीजू जनता दल ने किया अविश्वास प्रस्ताव का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बीजू** जनता दल ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया। बीजू जनता दल के नेता पिनाकी मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के लाए प्रस्ताव का बीजद समर्थन नहीं कर सकता। पिनाकी मिश्रा ने अपनी पार्टी के नेता एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक ने सहयोगी संघवाद का एक उदाहरण पेश किया है। हर मसले पर सरकार का विरोध करने का पक्षधर नहीं है। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर राज्य की हर मांग को पूरा नहीं कर सकती लेकिन मोदी सरकार ने राज्य के राजस्व घाटे से जुड़े कई मसलों का समाधान किया है।

### राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते: निशिकांत दुबे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में सत्ता पक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुए निशिकांत दुबे ने विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी सावरकर नहीं बन सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में काटे थे। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मानहानि मुकदमा मामले में अंतिम निर्णय अभी नहीं आया है। राहुल कहते हैं कि माफी नहीं मांगूंगा। राहुल माफी क्यों मांगेंगे?
मोदी तो छोटी जाति के हैं, ओबीसी हैं। राहुल कहते हैं कि वह सावरकर नहीं हैं। राहुल जी, आप सावरकर हो भी नहीं सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में गुजारे थे। अविश्वास प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इसे लाने का मकसद बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत से ऐसे मामलों जिन पर विपक्ष सरकार को निशाना बना रहा है, उन्हें कांग्रेस के समय खोला गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ है, उस आदमी के खिलाफ है, जिसने लोगों को घर, पीने का पानी और शौचालय दिया। यह गरीबों के खिलाफ है। मोदी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बहन की 1993 में डॉक्टर न होने की वजह से मौत हो गई थी। आज उन्हें गर्व है कि मोदी सरकार ने उनके लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना की है। उन्होंने खुद को मणिपुर से जोड़ा और कहा कि उनके अंकल वहां रहे हैं और वे घायल भी हुए हैं।

# विपक्ष आशंकाओं से भरा: पीएम मोदी

- कुछ लोग राज्यसभा में वोटिंग को 2024 से पहले सेमीफाइनल कह रहे थे, हम जीते



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अविश्वास** प्रस्ताव पर चर्चा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में भाजपा संसदीय दल की मीटिंग की। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा- विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कुछ लोग कह रहे थे कि 2024 से पहले राज्यसभा में वोटिंग सेमीफाइनल है। उन पार्टी सांसदों का शुक्रिया, जिन्होंने यह सेमीफाइनल जीत लिया।
अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी बैठक की। इस पर लोकसभा में बहस के दौरान रणनीति पर चर्चा की गई।
अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में 12 घंटे चर्चा हुई। भाजपा को करीब 7 घंटे का वक्त दिया गया है और कांग्रेस को सवा घंटे का। सभी पार्टियों के सांसदों की संख्या को ध्यान में रखते हुए उन्हें 2 घंटे में से चर्चा की टाइमिंग अलॉट की जाएगी। एक घंटे 10 मिनट का वक्त दूसरी पार्टियों और इंडिपेंडेंट सांसदों को दिया गया है। 19 जुलाई को एनडीए की बैठक में विपक्षी गठबंधन को लेकर पीएम मोदी ने निशाना साधा था।

**साधा निशाना**

▶▶ विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है

## कश्मीरी पंडित जज की हत्या की फिर होगी जांच

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कश्मीरी** पंडित जज नीलकंठ गंजू की 1989 में हुई हत्या के मामले में नए सिरे से जांच शुरू होने के बाद उनके परिवार ने कहा है कि अब देर हो चुकी है और वे नहीं चाहते कि पुराने जख्मों को फिर से कुरेदा जाए। जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने सोमवार को 1989 में सेवानिवृत्त न्यायाधीश नीलकंठ गंजू की हत्या की नए सिरे से जांच शुरू की है। मारे गए पूर्व जज के बेटे एसके गंजू ने कहा कि घटना के 34 साल बाद अब बहुत देर हो चुकी है। अब हम नहीं चाहते कि हमारे घाव दोबारा कुरेदे जाएं। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री



कविंदर गुप्ता ने जांच का स्वागत करते हुए कहा कि यह अच्छा है कि उन्हें (नीलकंठ गंजू) न्याय मिलेगा। भाजपा सरकार पहले ही कह चुकी है कि ऐसी बातों की जांच होनी चाहिए। यह एक साजिश थी। लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए, ताकि साजिश का पदार्फाश हो सके।

**फाईल खुली**

▶▶ 34 साल बाद नए सिरे से जांच शुरू, परिजन नहीं चाहते कि पुराने जख्मों को फिर से कुरेदा जाए

तीन दशक से अधिक पुराने मामले की जांच फिर से शुरू होने पर कश्मीरी पंडित लेखक और राजनीतिक कार्यकर्ता अग्निशेखर ने कहा कि कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था। नीलकंठ गंजू के लिए न्याय होना चाहिए, जिनकी यासीन मलिक ने हत्या कर दी थी।

## राहुल गांधी को पुराना सरकारी बंगला वापस मिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को पुराना सरकारी बंगला 12 तुगलक लेन वापस मिल गया। संसद की हाउसिंग कमेटी ने राहुल की सांसदी बहाल होने के एक दिन बाद बंगला अलॉट किया। राहुल जब कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे तो उनसे बंगला वापस मिलने पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने कहा- मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। 12 तुगलक लेन में राहुल गांधी 19 साल रहे। मोदी सरनेम मामले में 2 साल की सजा मिलने के बाद 22 अप्रैल 2023 को उन्हें ये बंगला खाली करना पड़ा था।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू संसद में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए।

## ब्रिक्स स्टार्टअप फोरम लॉन्च करेगा भारत: गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** निवेशकों, इनक्यूबेटरों और इच्छुक उद्यमियों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं और आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए इस साल ब्रिक्स स्टार्टअप फोरम की शुरूआत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स देश के उद्योग मंत्रियों की सातवीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल से देश में करीब एक लाख स्टार्टअप का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कारण नई दिल्ली इस क्षेत्र में अन्य ब्रिक्स सदस्यों को अपना समर्थन दे सकती है। दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में ऑनलाइन आयोजित इस बैठक में ब्रिक्स देशों के उद्योग मंत्रियों ने एक संयुक्त घोषणा को अपनाया है।

## 'यूपी में पिछले छह सालों से नकलविहीन परीक्षाएं हो रहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के सवालों पर सरकार की रीति-नीति को स्पष्ट करते हुए करारा जवाब दिया। योगी ने सदन में नई शिक्षा नीति पर नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति पढ़कर आते तो सवाल न पूछते। जिसमें रोजगार के पाठ्यक्रम भी लागू किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले छह सालों से नकलविहीन



परीक्षाएं हो रही हैं। नकल माफियाओं पर नकेल कसा गया है। रिकॉर्ड टाइम में बोर्ड की परीक्षाएं कराई गईं और बिना देरी किए परिणाम जारी किए जा रहें। शिक्षक भर्ती के लिए हम एक आयोग का बिल लाए हैं।
मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में रोजगार के सवाल पर कहा कि नेता विरोधी दल कहते हैं कि भर्ती नहीं हुई। आज बेरोजगारी दर 03 से 04 प्रतिशत तक आ गई। इससे पता लगता है नौकरी मिल रही है। भर्ती प्रक्रिया में कोई मामला कोर्ट में लंबित नहीं है। पूरी पारदर्शिता,निष्पक्षता के साथ भर्ती हो रही हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है और एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष के जनसंख्या के सवाल पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे खुशी है कि समाजवादियों की सोच में इतना तो बदलाव हुआ कि अब वो जनसंख्या की बात कर रहे हैं, जिसे नियंत्रित करने के लिए ही

**जवाब**

▶▶ प्रदेश में पिछले छह सालों से नकलविहीन परीक्षाएं हो रही हैं। नकल माफियाओं पर नकेल कसा गया: सीएम

## मणिपुर मुद्दे पर संसद में जबरदस्त हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में इंडिया घटक दलों के सांसदों ने मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की।अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद टीआर बालू ने कहा कि मणिपुर में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है। यहां हिंसा में 143 लोग मारे गए और 65,000 लोगों को राज्य छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**समीक्षा बैठक**

### ज्यूलॉजिकल पार्क के प्रारम्भिक कार्यों को शीघ्र शुरू करना सुनिश्चित किया जाए

## 'फ्लैगशिप परियोजनाओं से जुड़े एफसीए और एफआरए मामलों के निपटारों में तेजी लाई जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर सायं शिमला में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को वन संरक्षण अधिनियम एफ सीए और वन अधिकार अधिनियम एफ आरए मामलों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि विकासात्मक परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और हेलीपोर्ट के निर्माण जैसी महत्वकांक्षी परियोजनाओं की



समयबद्ध स्वीकृति महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश के लोगों को लाभान्वित करने के लिए विभाग से इन परियोजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता प्रदान करने को कहा।उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के बनखंडी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ज्यूलॉजिकल पार्क (चिडियाघर) के लिए मंजूरी प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके निर्माण कार्य से सम्बंधित प्रारम्भिक प्रक्रियाएं शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सलाहकार नियुक्त करने पर बल देते हुए कहा कि इससे अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पर्यटकों को यहां बेहतर अनुभव एवं अन्य सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।प्रदेश में ईको-टूरिज्म गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के अग्रणी निजी हित धारकों को आमंत्रित करने के लिए शीघ्र ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे। प्रदेश में ईको-टूरिज्म स्थलों को क्लस्टर और व्यक्तिगत स्तर पर निजी कंपनियों को दिया जाएगा जिससे प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**राजस्व में वृद्धि**

▶▶ क्लस्टर और व्यक्तिगत स्तर पर निजी कंपनियों को दिया जाएगा जिससे प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी

## राजस्थान: लड़कियों से छेड़छाड़ करने वालों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

### मनचलों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में लिखा जाएगा ये छेड़छाड़ में शामिल: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**महिलाओं**, लड़कियों और बच्चियों से छेड़छाड़ करने वालों को राजस्थान में अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। छेड़छाड़ करने वालों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इसका उल्लेख किया जाएगा। सर्टिफिकेट खराब होते ही सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। सीएम अशोक गहलोत ने देर रात कानून व्यवस्था की बैठक में अफसरों को आदतन मनचलों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए हैं।
सीएम अशोक गहलोत ने बैठक में अफसरों से कहा- महिलाओं और कमजोर वर्ग के खिलाफ अपराधों को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकॉर्ड रखा जाए। चरित्र प्रमाण पत्र में छेडछाड़ में लिप्त होने का उल्लेख किया जाए। आदतन मनचलों पर सरकारी नौकरी से अयोग्य घोषित करने तक का एक्शन लिया जाए।
**मनचलों का रिकॉर्ड मेंटेन होगा, लेकिन नियमों में बदलाव करने होंगे:** सीएम ने छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को सरकारी नौकरी से अयोग्य घोषित करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए छेड़छाड़ में शामिल आदतन मनचलों का अलग से रिकॉर्ड रखा जाएगा।

**सख्ती**

▶▶ छेड़छाड़ करने वालों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इसका उल्लेख किया जाएगा: सीएम अशोक गहलोत

## न्यूज फ्लैश

### रामनगर क्षेत्र में डोर बेल बजाने पर की बच्चे की पिटाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**रामनगर क्षेत्र** में गली में खेल रहे एक बच्चे ने घर की घंटी बजा दी। बार-बार ऐसा करने पर मकान के मालिक ने बच्चे की बुरी तरह से पिटाई की, जिससे बच्चे के कान को नुकसान पहुंचा है। बच्चे की मां को घटना का पता चला तो उसने मामले की शिकायत रामनगर पुलिस को दी। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि पीड़ित बच्चे की मां अपने काम पर चली गई। बच्चा घर के बाहर गली में कुछ अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बच्चा बार-बार एक पडोसी के घर की डोर बेल को बजा रहा था, जिससे मकान मालिक का पारा 7वें असमान पर पहुंच गया और उसने बच्चे को पकडकर कनपटी पर कई थप्पड़ जड़ दिए। बच्चे ने उस दिन तो घर कुछ नहीं बताया, लेकिन अगले दिन बच्चे के कान में अचानक दर्द शुरू हो गया। जब बच्चे की मां ने दर्द का कारण पूछा तो उसने पूरी घटना बता दी। फिर महिला ने गली में एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया, जिसमें पडोसी उसके बच्चे को बुरी तरह से पीटता दिखाई दिया। इसके बाद वह सीसीटीवी फुटेज लेकर थाने में पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस को दी। महिला का कहना है कि बच्चे खेल-खेल में शरारत कर देते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चों को बुरी तरह से पीटा जाए। बच्चे के कान को नुकसान पहुंचा है। उसको लगातार दर्द हो रहा है। जब से मामले की शिकायत की है, उसके बाद से ही समझौता करने के लिए आरोपी घूम रहे हैं। बच्चे ने कोई गलती भी नहीं की थी। दूसरा बच्चा डोर बेल बजा रहा था। अगर उसके बच्चे की गलती होती तो वह हमें बताते, मैं उसे समझाती या पिटती। वह अलग बात थी, लेकिन उन लोगों ने बच्चे को ही बुरी तरह से पीट दिया। आखिर वह बच्चा ही तो है। अगर समझदार इंसान होता तो यह गलती ही क्यों करता। पुलिस की तरफ से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रामनगर थाना के प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि महिला ने शिकायत दी है, जिसमें उसने एक व्यक्ति पर बच्चे को पीटने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बात की जाएगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# इनेलो की परिवर्तन यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल जिले में** इनेलो की परिवर्तन यात्रा का छठा दिन है। यह यात्रा निसिंग के गांव सिंगड़ा पहुंची, जहां अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश सरकार और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेवात हिंसा में हाईकोर्ट द्वारा डेमिनेज्म पर स्टे लगाने का स्वतः संज्ञान लिया गया, क्योंकि सरकार द्वारा वहां पर बेकसूर लोगों के घर गिरवाकर दहशत फैलाने का काम किया जा रहा था। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नूंह को उत्तर प्रदेश बनाना चाहती है। जिस तरह से मेवात के अंदर हिंसा हुई, सरकार का फेलियर रहा, वह बहुत बड़ी बात है। सीआइडी के एक इंस्पेक्टर ने 15 दिन पहले ही सरकार को अपनी रिपोर्ट भेज दी थी कि मेवात में हिंसा हो सकती है या स्थिति खराब हो सकती है, लेकिन इसके बाद भी संज्ञान नहीं लिया गया। इससे भाजपा की मंशा स्पष्ट होती है कि वह क्या कराना चाहती है? अभय चौटाला ने कहा कि ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि सरकार ने उस समय क्यों नहीं स्थिति को संभाला, जब उनके पास



रिपोर्ट थी। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती थी। सरकार ने स्थिति को संभालने की बजाय जान-बूझकर यह आग लगाई, नुकसान किया। अब जब सरकार की पोल खुली तो उस बात को दबाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया। बेकसूर लोगों के घर तोड? शुरू कर दिए। हरियाणा में कभी इस तरह के अधिकार नहीं बनाए गए। यह अधिकार भाजपा ने बनाए हैं और इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। अभय चौटाला ने गृह मंत्री अनिल विज के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें विज ने कहा था कि मैंने जो

**निशाना बनाया**

**सीइटी के एग्जाम में रिपीटिशन पर चौटाला ने कहा कि यह एग्जाम होने ही नहीं चाहिएं। इनकी जरूरत ही नहीं है**

करना था कर दिया, आगे मुख्यमंत्री देखेंगे। इस पर चौटाला ने कहा कि सीएम और विज एक ही कैटेगरी के आदमी हैं। इनको प्रदेश से कोई मतलब नहीं है। यह जिस तरह के फैसले लेते हैं, उससे जनता को नुकसान झेलना पड़ता है।

अबकी बार जनता इनको बहुत बड़ा सबक सिखाएगी।

उन्होंने कांग्रेस की गुटबाजी पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रदेश की बागडोर दी थी, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश में ऐसे हालात पैदा कर दिए कि 68 सीटों से वह 20-25 सीटों पर आगे रह चुके हैं।

कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया के बयान पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह तो कहेंगे कि हम ही सत्ता में आएंगे। प्रदेश के लोगों ने 10 साल तक कांग्रेस को सत्ता सौंप कर रखी, अगर कांग्रेस ने सही तरीके से काम किया होता तो 10 साल से पहले कांग्रेस सत्ता से बाहर न होती। अब इनके कहने से कुछ नहीं होता। लोगों ने अपना मन बना लिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जो 10 साल में प्रदेश की जनता के साथ किया है, वह सभी ने देखा है। अगर यह इतने ही सही होते तो आज इनके नेताओं के घर इडी के छापे क्यों पड़ते।

सीइटी के एग्जाम में रिपीटिशन पर चौटाला ने कहा कि यह एग्जाम होने ही नहीं चाहिएं। इनकी जरूरत ही नहीं है। जब एक व्यक्ति ने बीए और एमए कर ली है तो उसका नौकरी पाने का अधिकार हो जाता है।

वह संबंधित नौकरी के लिए क्वालीफाई करता है। नौकरी वाला एग्जाम लेना चाहिए। अगर वहां पर क्वालीफाई नहीं करता है तो नौकरी मत दो, लेकिन सीइटी तो परेशान करने वाली बात है।

# 5 साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले** के गांव रायपुर रोड़ान में संदिग्ध हालात में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। वह गली में दूसरे बच्चों के साथ खेल रहा था।



अचानक उसके पेट में चोट लग गई। फिलहाल चोट लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर रोड़ान निवासी 5 वर्षीय गौरव बीती शाम बच्चों के साथ गली में खेल रहा था। इस दौरान उसे साइकिल चलाते समय पेट में चोट लग गई। उसने घर जाकर अपनी मां से कहा कि उसके पेट में दर्द है। इसके बाद उसके पिता उसे गांव से दवा दिलाकर लाए। उस समय तो गौरव का पेट दर्द ठीक हो गया और वह सो गया। पिता मनोज ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 5 बजे फिर गौरव के पेट में दर्द होना शुरू हो गया। इसके बाद उसे नीलोखेड़ी के अस्पताल में लेकर जाया गया। वहां उन्हें कोई डॉक्टर नहीं मिला। बाद में वह मेडिकल कॉलेज में पहुंचे। यहां पर इलाज के दौरान सुबह ही उसकी मौत हो गई।

# नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा 77वां स्वतंत्रता दिवस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आजादी के** अमृत महोत्सव के तहत 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी ही उमंग और उत्साह के साथ इस वर्ष करनाल की नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा। तैयारियों को लेकर कार्यक्रम की ओवर ऑल इंचार्ज एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को स्थानीय डॉ. मंगल सैन ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक टीमों की प्रस्तुति का अवलोकन किया और कहा कि 11 अगस्त शुक्रवार को स्थानीय नई अनाज मंडी में रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सांस्कृतिक टीमों का फाईनल चयन भी किया जाएगा।



एडीसी ने मौके पर उपस्थित विभिन्न सांस्कृतिक टीमों की इंचार्ज को कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन की गरिमा को देखते हुए 15 अगस्त को सांस्कृतिक टीमों की तैयारी सही ढंग से सुनिश्चित होनी चाहिए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत हों और बच्चों की प्रस्तुति में एकरूपता हो, इस बात का भी हमें विशेष ध्यान रखना है। एडीसी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान के प्रति भी स्कूली बच्चों को जागरूक किया।

इस मौके पर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दून पब्लिक स्कूल, जिमनास्टिक अकादमी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीएवी पुलिस लाईन पब्लिक स्कूल, माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी विकलांग केन्द्र, ओपीएस विद्या मंदिर सैक्टर 13, माउंट लिट्रा जी स्कूल तथा विभिन्न सरकारी स्कूलों की छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी विद्योतमा देवी, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर की प्रधानाचार्या संदीप कौर, एबीआरसी ईशा चौधरी, डीपीई बलवंत, पीटीआई कमल, रोशन लाल, सुशील तथा मोनिका उपस्थित रही।

# एडीआर सेंटर के प्रांगण में मेगा कैंप का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं** सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंद्रशेखर के सानिध्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर कौर एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रांगण में सभी विभागों के सहयोग से एक मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 22 विभागों ने आमजन से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें डाक विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग,



लीड बैंक इत्यादि ने भगा लिया। कैंप में आम नागरिकों ने पहुंचकर इन विभागों की वेलफेयर स्कीम्स एवं योजनाएं का लाभ उठाया।

सैशन जज चंद्रशेखर ने हर एक स्टॉल पर जाकर सभी विभागों की लाभकारी योजनाओं को पढ़ा और समझा। इस मेगा कैंप का शुभारंभ स्कूल से आई हुई छात्राओं ने अपने हाथों से अतिथिगण को तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बादचंद्रशेखर ने आए हुए नागरिकों को फलदार एवं फूल वाले पौधे दिए, ताकि वह वापस जाकर अपने घरों में इन पौधों को उगाएं और पर्यावरण को बचाने में सहयोग दें। सीजेएम जसबीर कौर ने बताया कि इस मेगा कैंप का आयोजन अधिक से अधिक लोगों तक सभी विभागों की लाभकारी योजनाओं को पूर्णतया पहुंचाना एवं उसका लाभ उठाना था। यह ऐसा प्लेटफार्म था, जिसमें सभी विभाग एक ही छत के नीचे आज इके हुए थे और आम नागरिकों तक अपने विभाग की लाभकारी योजनाओं का विवरण दे रहे थे। इस मेगा कैंप में आम नागरिकों के साथ-साथ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप चौधरी और अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

# वन आच्छादित क्षेत्र में इजाफा करने की कवायद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**वृक्ष इस** धरा के आभूषण हैं। भारतीय संस्कृति व सभ्यता वनों से पल्लवित हुई है। पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्र व राज्य सरकार ने धरा पर हरियाणा को बढ़ावा देने के लिये अनेक योजनायें क्रियान्वित की हैं। करनाल जिला में इस समय वन आच्छादित क्षेत्र करीब सात प्रतिशत है। इस दस प्रतिशत तक करने के लिये विभाग व जिला प्रशासन की ओर से सार्थक प्रयास जारी है। वन मंडल अधिकारी जय कुमार के अनुसार इस साल जिला में राज्य योजना के तहत 2.40 लाख, ग्रीन इंडिया मिशन के तहत 2.40 लाख, और हरियाणा राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैंपा) के तहत 14 हजार, जल शक्ति अभियान के तहत दो लाख दस हजार, पौधगिरी अभियान के तहत 45 हजार और डेढ़ लाख पौधों का मफ्त वितरण किया जा रहा है। जिला में 9 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है, जबकि विभाग के पास 11 लाख पौधे तैयार हैं। उन्होंने बताया कि पौधे लगाने का 50 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। कृषि क्षेत्र में 150 हेक्टेयर जमीन पर 1.65 लाख पौधे के लक्ष्य के तहत 91 हजार 400 पौधे रोपित किये जा चुके हैं।

**क्लोन सफेदे को बढ़ावा:** उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में क्लोना सफेदा लगाने के प्रति किसानों का रूझान बढ़ा है। चार-पांच साल में ही यह पेड़ तैयार हो जाता है और किसानों को भाव भी अच्छा मिलता है। इस समय 600 से हजार रुपये क्विंटल के हिसाब से क्लोन सफेदा बाजार में बिक रहा है।

**स्वयं सहायता समूहों द्वारा पौधारोपण:** वन मंडल अधिकारी के अनुसार जिला परिषद के साथ मिलकर ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला की 11 नर्सरियों के माध्यम से 60 हजार पौधे मुफ्त बांटे जा चुके हैं जबकि लक्ष्य 80 हजार पौधे वितरित करने का है। इन पौधों को स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा गांव की फिरनी, तालाबों के किनारे, खाली पंचायती जमीन आदि स्थानों पर इन पौधों को रोपा गया है। जो पौधे रोपे गये हैं।

# बदमाशों ने एनडीआरआई रोड पर की डॉक्टर से मारपीट व लूटपाट

## बाइक सवार बदमाशों ने हथियार दिखाकर रुकवाई कार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एनडीआरआई रोड** पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर डॉक्टर के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश डॉक्टर से 5 हजार की नकदी और सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। डॉक्टर को घायल अवस्था में सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संदर्भ में थाना सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव रंबा निवासी डॉक्टर मनजीत करनाल के एक निजी अस्पताल में तैनात है। उसकी डयूटी शाम 8 बजे से सुबह 9 बजे तक है। रोजाना की तरह वह शाम को अपनी गाड़ी में सवार में होकर अस्पताल में जा रहा था। जब वह एनडीआरआई रोड पर पहुंचा तो वहां पर उसके साथ यह वारदात हुई। एनडीआरआई रोड पर चढ? के बाद एक बाइक पर तीन बदमाश आए। उन्होंने उसकी चलती गाड़ी के साइड में अपनी बाइक लगाई। बीच में बैठे युवक ने हथियार निकाला और उसे रुकने का इशारा किया। वह काफी डर गया और उसने गाड़ी रोक ली। बदमाशों ने अपनी बाइक गाड़ी के आगे लगा दी और तीनों गाड़ी के अंदर आ गए। तीनों ने उसके साथ मारपीट की। उसके बाद बदमाशों ने गाड़ी में रखे 5 हजार रुपए ले लिए। साथ ही उसके गले से सोने की चेन उतरवा ली। जाते हुए बदमाशों ने धमकी दी कि यदि पुलिस को शिकायत दी तो वे उसे जान से मार देंगे। डॉक्टर ने इस दौरान उनकी बाइक का नंबर नोट कर लिया। घटना के बाद उसने तुरंत स्टाफ और परिवार को जानकारी दी। कुछ देर बाद परिजन व अस्पताल का स्टाफ उसके पास पहुंचा और उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची।

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी एएसआई सुभाष ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।

# विज्ञापन के लिए नगर निगम की 104 लोकेशन हुई लाइव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अनाधिकृत रूप** से प्रदर्शित विज्ञापनों को हटाने, नियम पूरे करने वाली कॉलोनियों का नियमित करने, आवासीय क्षेत्रों में कॉमर्शियल निर्माण को रोकने तथा निगम जमीन की निशानदेही करवाने जैसे अहम विषयों को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम अधिकारियों के साथ मंगलवार को एक मीटिंग की।

उन्होंने कहा कि बाजारों में अतिक्रमण से सडकें संकरी हो जाती हैं। सेक्टरों और दूसरी कॉलोनियों में आवासों के आगे मौजूद जगह का दायरा बढ़ाकर उसका अतिक्रमण करने की बेढंगी प्रवृत्ति बनती जा रही है, इसे रोकना होगा। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि एन्फोर्समेंट कर सख्ती बढाई जाए। इसे लेकर जो भी शिकायत प्राप्त हो, उस पर भी तुरंत एक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए रेगुलर ड्राईव करें। विज्ञापन पॉलिसी के तहत 104 साईट पोर्टल पर की अपलोड- मीटिंग में निगमायुक्त ने जानकारी दी कि विज्ञापन पॉलिसी के तहत 104 साईट पोर्टल पर अपलोड की गई हैं। इच्छुक व्यक्ति या एजेंसी पोर्टल पर, 17 अगस्त तक एक या एक से अधिक साईट भर सकता है। वार्षिक रेट की कुल राशि का 10 प्रतिशत ई.एम.डी. यानि बयाना के रूप में भरना होगा। इसके बाद 18



अगस्त 2023 को ऑनलाईन बोली होगी। उन्होंने बताया कि शहर में यूनिपोल व होर्डिंग की 79 साईट, 12 बस क्यू शैल्टर तथा 13 साईकिल स्टैण्ड की साईट विज्ञापन के लिए ओपन की गई हैं। उन्होंने बताया कि 12 विज्ञापन साईट की ऑक्शन की जा चुकी है।

निगमायुक्त ने कहा कि जो विभाग अपने परिसर में वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करवा रहे हैं, उनसे मीटिंग कर नियमानुसार 40 प्रतिशत रिवेन्यू निगम कार्यालय में जमा करवाने के लिए कहें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन लोगों ने अवैध रूप से विज्ञापन प्रदर्शित किए हैं, उनके खिलाफ दी हरियाणा म्यूनिसिपल एडवरटाईजमेंट बायलाज 2022 के अनुसार कार्रवाई करें। एन्फोर्समेंट टीम को रोजाना फील्ड में भेजने के निर्देश दिए तथा 10 दिन में पूरे शहर से अवैध विज्ञापन/होर्डिंग, बैनर उतारने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग सख्ती के बाद ही नियमानुसार विज्ञापन प्रदर्शित करने की बोली लगा सकेंगे।

नियमितकरण के लिए सप्ताह में 10 कॉलोनियों की भेजें सूची- मीटिंग में निगमायुक्त ने कॉलोनियों के नियमितकरण मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ए.टी.पी. व भवन निरीक्षक को कहा कि एक सप्ताह में कम से कम 10 कॉलोनियों के मामलों को सरकार के पास भेजने का लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि उन्हें नियमित करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन 12 कॉलोनियों के मामले प्रोसेस में हैं, उन्हें जल्दी सरकार के पास भेजा जाए। इसके अतिरिक्त सरकार की ओर से जिन कॉलोनियों की सूची सर्वे इत्यादि के लिए आई थी, उनकी कार्रवाई भी मुकम्मल कर चालू सप्ताह में भेज दी जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि भवन व भूमि शाखा समानांतर काम करें, ताकि कॉलोनी नियमितिकरण मामलों में ओर तेजी लाई जा सके। उन्होंने मीटिंग में मौजूद डीटीपी ओम प्रकाश को निर्देश दिए कि शहर में अवैध कॉलोनी को पनपने न दिया जाए। इसे लेकर वे टीम के साथ साईट विजिट करें, अगर कहीं ऐसी कॉलोनी दिखाई दे, तो तुरंत उस पर कार्रवाई करें।

## संपादकीय

# सुशासन और व्यवस्था

**वैश्विक** स्तरपर कुछ ही दिनों में भारत का नाम चांद तक पहुंचने वालों की लिस्ट में चौथे नंबर पर होगा! सारी दुनियां विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की विकास गाथाओं को हसरत भरी नजरों से देख रही है, परंतु यह अलग बात है कि मानसून सत्र 2023 में सभी बिल ध्वनि मत से पारित हो रहे हैं। जबकि आज देर रात राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार विधेयक 2023,131/102 से पारित हुआ। 20 जुलाई से शुरू हुआ सत्र 11 अगस्त तक हंगामा की भेंट चढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जो दूरदर्शन पर आम जनता लाइव टेलीकास्ट देख रही है।खैर यह तो हम अनेक सत्रों में देख ही रहे है।जबकि 8-11 अगस्त 2023 तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। परंतु आज दिनांक 7 अगस्त 2023 को आम और खास आदमी के चिंतकों को उनकी व्यथा का सटीक उदाहरण देखने को मिला कि कैसे पाबंदी और छूट एक खास आदमी के लिए जबरदस्त फुर्ती के साथ की जाती है और आम आदमी के लिए कैसे सुस्ती के साथ की जाती है इसको संक्षिप्त में जानने की करें तो, 24 मार्च 2023 को कैसे एकमाननीय कोर्ट आदेश के बाद 24 घंटे में उसकी संसदीय सदस्यता चली गई पूरी प्रक्रिया में जबरदस्त फूर्ती दिखाई गई। फिर 4 अगस्त 2023 को कोर्ट द्वारा उनके पक्ष में फैसला देने के बाद 72 घंटों में सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर संसद सदस्य की बहाली की गई! वाह क्या बात है! गजब की फुर्ती है! आम आदमी के चिंतक ऐसी ही गजब की फुर्ती आज आम आम आदमी के लिए भी चाहते हैं, जो महीनों शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाते रहते हैं परंतु बिना दलालों, चायपानी भेटा चढ़ाने के फाइल आगे नहीं सरकती, परंतु दूसरी ओर हरे गुलाबी फेक कमाल देख, की तर्ज पर घर पहुंच सेवा दी जाती है। कागज घर बैठे दलाल देकर जाता है, यहां तक कि यदि किसी प्रक्रिया में सेतु एफिडेविट की जरूरत है तो वह भी आंखें फड़फड़ाते हुए 10 सेकंड का वीडियो भेज दो तो सर्टिफिकेट हाथ में मिल जाता है। हालांकि यह सब अंदर खाने होता है परंतु उपरोक्त जबरदस्त फुर्ती 24 घंटे बनाम 72 घंटे की प्रक्रिया जैसा आज हर नागरिक अपने कामों की फाइलों व्यवस्थाओं में सुशासन और व्यवस्था चाहता है और प्रण करता है कि आगे से वोट उसी को देंगे जो शासन में आम जनता के लिए भी ऐसी फुर्ती से कार्य प्रक्रिया करें, क्योंकि यह पूरा वाक्य विश्व सहित भारत की 140 करोड़ जनता ने दूरदर्शन पर लाइव देखा है कि 24 घंटे बनाम 72 घंटे में पूरी प्रक्रिया हुई इसलिए आज हम मीडियामें उपलब्ध जानकारी टीवीचैनलों पर रिपोर्ट के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, खास के लिए जबरदस्त फुर्ति, आम के लिए सुस्ती।

साथियों बात अगर हम जबरदस्त फुर्ती की विस्तृत जानकारी की करें तो, अदालत के फैसले के बाद 24 घंटे में ही 24 मार्च को युवा नेता की सांसदी चली गई थी लेकिन सांसदी की बहाली में थोड़ा वक्त लग गया। 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष नेता ने लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की थी। पांच अगस्त को डाक के माध्यम से कोर्ट के आदेश के कागजात भेजे गए। फिर सात अगस्त को सचिवालय ने अधिसूचना जारी की। अब उम्मीज जताई जा रही है कि युवा को फिर से उनका सरकारी बंगला मिल जाएगा जो उन्होंने 14 अप्रैल को अपना ये आवास खाली कर दिया था। लोकसभा सदस्यता बहाल करने पर संसदीय कार्य मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा, स्पीकर ने आज फैसला लिया। हमने कानूनी

# अंग्रेजों भारत छोड़ो की याद दिलाता अगस्त का ये दिन

**अरुण कुमार डनायक**

> ऐसी परिस्थितियों के बीच एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन के मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 07 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुन: पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएँ मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत मित्र राष्ट्रों की सहानुभूति खो देगा

**जब** महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान किया, तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना आवश्यक है। देश में हिन्दू मुस्लिम तनाव चरम पर था। मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था,द्विराष्ट्र सिद्धांत से सहमत था और द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। हिंदुत्ववादी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सोच थी कि अंग्रेज तो स्वतः ही भारत छोड़ कर चले जाएंगे इसके लिए प्रयास क्यों करना। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था और हिंसा के समर्थक होने के बावजूद इस संगठन ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कभी कोई सशस्त्र विद्रोह नहीं किया था। अप्रैल 1939 का महीना देश के राजनीतिक पटल पर एक नई उठा-पठक के साथ समाप्त हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने के चार महीने बाद ही स्तीफा दे दिया और फारवर्ड ब्लाक के नाम से एक नई पार्टी बनाई। अंग्रेज हुकुमत ने उन्हे नजरबंद कर लिया , सत्याग्रह में भागीदार बनने की उनकी इच्छा को गांधीजी द्वारा अस्वीकार कर दिया और फिर अचानक वे अंग्रेज सरकार की आंख में धूल झोंककर देश से बाहर चले गये।

दूसरी तरफ अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर ही देश को युद्ध में शामिल कर दिया। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। वायसराय ने गोल मोल जवाब दिया वे ना तो युद्ध के लक्ष्य बताने सहमत हुए और ना भारत की स्वतंत्रता को लेकर कोई आश्वासन दे रहे थे। कांग्रेस कार्यसमिति इस जवाब से संतुष्ट नहीं थी। फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया। युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे लोकतान्त्रिक देशों के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को



सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे। लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेज हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था पर वह सरकार के विरोध करने के मूड में भी नहीं थी। कांग्रेस और गांधीजी में असहयोग आंदोलन शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध जाकर अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा। लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुनः गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ़्तारी प्रथम सत्याग्रही के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध भूमि में जापान ने मलाया और बर्मा पर कब्जा कर लिया, वहाँ से भारतीयों के दल शरणार्थी के रूप में भारत आ रहे थे। जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल के तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत में खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वाताकारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमे भारतीयों के हाथ में तत्काल उत्तरदायित्व सोपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने क्रिप्स मिशन को दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक कहा था।

जापान जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी, सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था तब गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से तृस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर एक बार पुनः जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएँ, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला करेगी।

ऐसी परिस्थितियों के बीच एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन के मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 07 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुनः पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएँ मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत मित्र राष्ट्रों की सहानुभूति खो देगा। गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी सरकारी हठधर्मी का , जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंततः कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधी का ह्लअंग्रेजोंभारतछोड़ोह्लप्रस्तावस्वीकारकरलिया। सेवाग्रामवधार्मेपारितप्रस्तावकेअनुरूपसातवआठअगस्तकोमुंबईमें कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महा समिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने , एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने , विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी । कांग्रेस महासमिति की बैठक सार्वजनिक रूप से हुई और यह प्रस्ताव आठ अगस्त को देर रात में जाकर पारित हुआ। गांधीजी ने स्वप्रेरित लंबा भाषण दिया ,जिसकी कोई तैयारी उन्होंने पहले से नहीं की थी। गांधीजी ने जनता से करेंगे या मरेंगे का आह्वान किया , आंदोलन शुरू करने से पहले एक बार पुन वाइसराय से मुलाकात कर पूर्ण स्वतंत्रता की मांग दोहराने का अपना निर्णय सुनाया और तब तक आम जनता से उनके रचनात्मक कार्यक्रम को जारी रखने का सुझाव दिया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए। गांधीजी और उनके सचिव महादेव भाई देसाई, कस्तूरबा गांधी , सुशीला नैयर, सरोजिनी नायडू को पूना के आगा खान पेलेस में नजरबंद कर दिया गया। नेहरू , मौलाना आजाद, सरदार पटेल, कृपलानी आदि नेताओं को अहमदनगर के किले में बंद कर दिया गया। भारत छोड़ो आन्दोलन को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सत्याग्रहियों को जेलों में बंद कर दिया गया। उन्हें समाचार पत्र जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर दिया गया। नेताओं की गिरफ़्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी , देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया। सुचेता कृपलानी, सादिक अली, मृदुला साराभाई सहित बहुत से नेता भूमिगत हो गए और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का संचालन गुप्त तरीके से करने लगे। इन नेताओं ने मुंबई से देश भर में धन, आदेश व समाचार भिजवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कविता

सख्शियत हमारी ऊँची हैं
इसलिए लोग हमें तजब्बू देते है
वरना लोग तो ऊँचे आसमान में भी
कमियाँ खोज लेते है।

जिंदगी की राहें बड़ी टेढ़ी है
आसानी से यहाँ कुछ नही मिलता
संघर्ष ही जीवन है यहाँ
इम्तिहान बिना परिणाम नही मिलता।

मैंने अपने लिए खुद, रास्ता बनाया हूँ
जिसमे खुद चलता हूँ अक्सर अकेले
असफलताओं में तो महारत हासिल है
ऐसा नही कि जीत को, गले नही लगाया
हूँ।

एक मुकम्मल मुकाम की खोज में
ताउम्र सफर किये जा रहा हूँ
पता नही मंजिल, और कितनी दूर है
बस बिना रुके पीछा किये जा रहा हूँ।

पैरो को लगा रखा है, पीछे मंजिल के
बस हर कदम पर, सीखते जा रहा हूँ
कुछ सफेद से बाल हो गए है, हालातो से
कुछ जीवन के, अनुभव से कर डाला हूँ।

**श्याम कुमार**

## बारिश का सीजन होता है बीमारियों का घर, इससे बचें

**देश** के हर भाग में इस बार खूब बारिश हुई है और बारिश का यह क्रम अभी भी थमा नहीं है। मैदानी भागों में रह-रहकर तो पहाड़ी क्षेत्रों में तो अभी भी लगातार बारिश देखने को मिल रही है। वैसे बारिश का मौसम हर किसी को अच्छा व सुहाना लगता है लेकिन बारिश के मौसम में बीमारियां भी बहुत फैलती हैं। अतः बारिश के मौसम से हमें विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन, हेपेटाइटिस और टायफाइड जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। डायरिया भी बारिश के मौसम में एक आम समस्या है। बरसात का मौसम दस्त जैसे इन्फेक्शन का कारण भी आसानी से बनता है। इस मौसम में नमी और उमस के कारण खाना आसानी से खराब हो जाता है, जिसकी वजह से किसी का भी पेट खराब कभी भी हो सकता है। साथ ही इन्फेक्शन्स बढ़ जाने की वजह से भी दस्त का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में सड़कों, छतों और घरों के आसपास बनी नालियों में गंदा व प्रदूषित पानी जमा हो जाता है जिससे कई तरह की बीमारियां फैलना शुरू हो जाती हैं। इसमें कोई शक या दोराय नहीं है बरसात गर्मी से राहत देती है और सभी बारिश होने पर खुश होते हैं लेकिन इस दौरान सावधानी न बरती जाए तो कोई भी कभी भी बीमार हो सकता है। बारिश के मौसम को यदि बीमारियों का मौसम कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। दरअसल, बारिश में उमस और नमी बढ़ने से चर्म रोग जन्म ले सकते हैं। इन दिनों आई फ्लू भी अपने परवान पर है। आई फ्लू बहुत तेजी से फैलता है और परिवार के सभी सदस्यों को अपना शिकार बना सकता है, इसलिए पर्सनल हाइजीन बहुत ही महत्वपूर्ण व जरूरी हो जाता है। बारिश के दिनों में हमें बाहर का खाना खाने से परहेज करना चाहिए और संतुलित व हल्का भोजन ग्रहण करना चाहिए। बारिश के दिनों में जगह-जगह पानी का जमाव मच्छरों की संख्या बढ़ने का मौका देता है। मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया आदि जैसी बीमारियां गंभीर रूप भी ले सकती हैं। मलेरिया में आमतौर पर बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना और पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यदि हमें भी ऐसे ही किन्हीं लक्षणों का अनुभव होता है तो हमें यह चाहिए कि हम बिना इंतजार किए डॉक्टर से मिलकर जांच करवाएं और दवा पानी लें। इसी प्रकार से डेंगू एडीज एजिप्ट प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलता है। वहीं इसमें बुखार, रैशेज, सिरदर्द और प्लेटलेट काउंट में कमी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इसलिए डेंगू से बचाव बहुत जरूरी है। इसी प्रकार से चिकनगुनिया भी मच्छरों से होने वाली बीमारी है, जो रुके हुए पानी में पनपते हैं। चिकनगुनिया टाइगर एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर के कारण फैलता है।

## विचार

# परीक्षा बनी जंजाल युवाओं की ज़िंदगी

**बिदामो सुरेश नांदवाल**

**हरियाणा** सरकार व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एक बार फिर बच्चों की ज़िंदगी को अंधकार में धकेल रहे हैं। 04 साल से हरियाणा के युवा हजारों करोड़ रुपया खर्च के सेट के जंजाल में धक्के खा रहे हैं और खट्टर सरकार हर रोज मनमाने ढंग से मापदंड बदल व भयंकर गलतियाँ कर उनकी ज़िंदगियों को लूट रही है। सेट का रिजल्ट ठीक किए बगैर एक और पेपर करवाने की बेवकूफाना हड़बड़ी व जल्दबाजी क्यों? किस साज़िश के तहत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है? खामियाँ, त्रुटियां दूर करके भर्ती पेपर लिया जा सकता है लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है? चार साल धक्के खाकर के सेट पास करने का क्या अर्थ रह गया है? इन्होंने जितने ब्लंडर इस भर्ती में किए हैं उनके कारण अगले 10 साल भी मामले न्यायालयों में लटके रहेंगे। जो बच्चे नौकरी लगेंगे उनको भी ये सरकार चैन से सोने नहीं देगी तथा जो नहीं लग पाएंगे उनका तो भविष्य चौपट कर ही दिया है। पेपर स्टे होने के बावजूद आनन-फानन में पेपर करवाए गए और एक पेपर के दूसरे पेपर में पचास प्रतिशत हूबहू सवाल पूछ लिए। हद हो गई है? क्या पेपर भी नहीं बनवा सकते हैं? बनवा तो सकते हैं परंतु बनवाने नहीं, क्योंकि अगर पेपर सही से बनवा दिए तो हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को कैसे मानसिक तौर से परेशान करेंगे, पता न हरियाणा सरकार क्यु ऑख बन्द किये बैठी है। हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी भर्ती के रोज बदलते मापदंडों व कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की गलतियों ने युवाओं की ज़िंदगी बर्बाद कर दी है। आज हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के रोज बदलते तुगलकी फरमान ने हरियाणा के नौजवानों की ज़िंदगी को बबार्दी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा के चार साल से चल रहे खेल के ह्लमनोहर जालह्व ने हरियाणा के बच्चों की ज़िंदगी को बदहाल बना दिया है। हरियाणा के युवाओं से आये-दिन नौकरी के नाम पर हो रहे मजाक ने युवाओं की रोजगार पाने की हर उम्मीद को धराशायी कर दिया है। इसके लिए सीधे-सीधे वर्तमान सरकार ज़िम्मेदार हैं। सच्चाई यह है कि हरियाणा सरकार व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एक बार फिर बच्चों की ज़िंदगी को अंधकार में धकेल रहे हैं। 04 साल से हरियाणा के युवा हजारों करोड़ रुपया खर्च के सेट के जंजाल में धक्के खा रहे हैं और खट्टर सरकार हर रोज मनमाने ढंग से मापदंड बदल व भयंकर गलतियाँ कर उनकी ज़िंदगियों को लूट रही है। सेट का रिजल्ट ठीक किए बगैर एक और पेपर करवाने की बेवकूफाना हड़बड़ी व जल्दबाजी क्यों? किस साज़िश के तहत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है? खामियाँ, त्रुटियां दूर करके भर्ती पेपर लिया जा सकता है, लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है? जब अगले पेपर में बैठने का आधार ही सेट स्कोर है, तो इस स्कोर को ठीक क्यों नहीं किया जा रहा है? यदि कल को यह क्लेम किसी का गलत मिलता है, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय सैकड़ों ऐसे केस सामने आएंगे, तब उनकी उम्मीदवारी तो आप रद्द कर देंगे, लेकिन उनकी जगह पर जो सही कैंडिडेट पेपर दे सकते थे, उनके साथ तो घोर अन्याय हो जाएगा। 35000 बच्चों की ज़िन्दगियों, उनके करियर, उनके भविष्य का सवाल है, जो 4 साल से इंतजार कर रहे हैं। जिन्होंने सोशो-इकोनॉमिक के अंक छोड़े हैं उन्हें अभी भी वे अंक दिए हुए दशार्ये गए हैं। हरियाणा से बाहर के अभ्यर्थियों के ये क्लेम कैसे जांचेंगे? जिनका सेट स्कोर कम है, उन्हें पेपर में बैठने का मौका दिया जा रहा है, जिनके ज्यादा हैं वे बाहर हैं, ऐसा क्यों? तनाव भरे माहौल के बावजूद पेपर लेने की जल्दी क्या है? हाई कोर्ट के सिंगल बेंच से के सेट नतीजा खारिज होने के बावजूद रातों रात हाई कोर्ट के डबल बेंच में जाकर दरवाजा खटखटाने व 24 घंटे में ही पेपर लेने की ज़िद क्यों की गयी? सेट रिजल्ट खारिज होने व 05 तथा 06 अगस्त, 2023 को होने वाला पेपर स्टे होने के बावजूद आनन-फानन में पेपर करवाए गए और एक पेपर के दूसरे पेपर में पचास प्रतिशत हूबहू सवाल पूछ लिए। हद हो गई है? क्या पेपर भी नहीं बनवा सकते हैं, बनवा तो सकते हैं परंतु बनवाने नहीं क्योंकि अगर पेपर सही से बनवा दिए तो हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को कैसे मानसिक तौर से परेशान करेंगे, पता न हरियाणा सरकार क्यु ऑख बन्द किये बैठी है। इतना बड़ा पेपर है, 4 साल का इंतजार, ऐसे कमीशन से रिजल्ट बनाने में त्रुटियां होंगी या ये जानबूझकर करेंगे। क्या यह सीधे-सीधे पेपर सॉल्वर गैंग को हेराफेरी का न्योता नहीं। इस जल्दी का कारण क्या है?


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बच्चों में किताबें पढ़ने के प्रति रुचि विकसित करनी होगी

**विजय गर्ग**

**वैसे** लाइब्रेरी शब्द अपने आप में व्यापक अर्थ वाला शब्द है। पुस्तकालय को ज्ञान का खजाना भी कहा जाता है, जिसका मानव जीवन की प्रगति और विकास में बहुत बड़ा योगदान होता है। पिछले काफी समय से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश भर के प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थापना पर विशेष ध्यान दे रहा है। बच्चों को किताबों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो सराहनीय है. पुस्तकालय के लिए एक अलग कक्ष होना चाहिए ऐसा कहा जाता है कि जबयदि बच्चा पाठ्यक्रम से बाहर की किताबें पढ़ना शुरू कर देता है, यानी पुस्तकालय से जुड़ जाता है, तो वह विद्वान बनने की राह पर चल पड़ता है। यदि छोटे बच्चे प्राथमिक स्तर पर प्रेरणा से पुस्तकें पढ़ने में रुचि लें तो यह एक सुनहरी बात होगी। पंजाब के हर स्कूल में लाइब्रेरी कॉर्नर अस्तित्व में आ गए हैं। इस कार्य के लिए शिक्षकों को अपना योगदान देना होगा। सबसे पहले यदि संभव हो तो स्कूल में पुस्तकालय के लिए एक अलग कमरा होना चाहिए, ताकि बच्चे वहां बैठकर आराम से किताबें पढ़ सकें। बढ़ती हैसंग्रह किताबें पढ़ने से बच्चों की शब्दावली बढ़ती है। उनमें ज्ञान की गहरी पकड़ होती है। शब्दावली का विकास परीक्षा के लिए सहायक है। छोटे बच्चों को प्रातःकालीन सभा में अवश्य भाग लेना चाहिए। यह सामान्य ज्ञान एवं ज्ञान मीमांसा का विषय है। बाहरी ज्ञान होने पर बच्चे हर सवाल का सही जवाब दे सकते हैं, इसलिए किताबों का सहारा बहुत जरूरी है। महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे अगर बेहतर भविष्य बनाना है तो बच्चों को किताबें पढ़ने में रुचि पैदा करनी होगी।

उनके लिए उचित व्यवस्था करनी होगी. बच्चेपुस्तकालय से जुड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। इस कार्य के लिए बच्चों के माता-पिता, एसएमसी समितियों और सामाजिक सहायता संगठनों आदि का सहयोग भी लिया जा सकता है, जिसकी इन दिनों अधिक आवश्यकता है। किताबें अवश्य पढ़ें बच्चों को पुस्तकालय में ले जाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और इसके फायदों के बारे में बताना चाहिए।

## घास और घूस

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हाल ही** में एक कार्यालय जाना हुआ। वहाँ कहने को तो अत्याधुनिक कंप्यूटर थे, लेकिन डिब्बे में बंद पड़े थे। कहा गया कि इसका अनावरण अभी नहीं हुआ है। इसीलिए पुराने कंप्यूटरों से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराना तो पुराना होता है। उसका भी एक तराना होता है। काम न करने का बहाना होता है। परिणाम यह हुआ कि पत्रावलियों के अंबार पर अंबार लगे पड़े हुए हैं। लगता है कि उनकी होड़ एवरेस्ट से है। हो भी क्यों न? एवरेस्ट भारत में थोड़े न है! इसीलिए हिम का न सही कम से कम पत्रावलियों का एवरेस्ट भारत में बना ही सकते हैं। इससे देश का नाम और ऊँचा होगा। पत्रावलियों का अंबार मकड़ियों को रोजगार देता है। कर्मचारी न सही, वे ही अपनी टिप्पणी लिख देती हैं। हस्ताक्षर के रूप में धूल परोस देती हैं। चाहे कुछ भी हो काम चालू रहता है। पता चला कि चपरासी ने इन्हीं पत्रावलियों में से कुछ को रद्दी समझकर उसमें केले के छिलके लपेटकर बाहर फेंक दिए। अब उस पर बकरी चर रही है। शायद वह पढ़ी-लिखी है, उसे भी लगा होगा कि कागज किसी काम का है, सो उसने केले का छिलका खाने में ही अपनी साक्षरता की निशानी समझी। ड्राफ्टिंग वाले कागज नोट के चक्कर में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। नोट भिन्नार्थी होता है। समझने वाले समझ जाते हैं। न समझने वाले आजीवन किराए के मकान में गुजर-बसरकर दम तोड़ देते हैं। सच्चे अर्थों में नोट का अर्थ जानने वाला चपरासी वसूलों के पक्के अधिकारियों की तुलना में चार-चार कोठियाँ भाड़े पर चढ़ा देता है। बेटी की शादी में ऑडी देकर अपनी बॉडी का सीना चौड़ा कर लेता है। ऐसे ही चपरासियों का अपना चाणक्य वाक्य होता है कि जिस देश में लोग घास-फूस खा रहे हों वहाँ घूस खाने से परहेज नहीं करना चाहिए।

यहीं पर एक बड़े बाबू रहा करते थे। अब नहीं हैं। उनकी ईमानदारी ने उन्हें देहात भेज दिया। इस कार्यालय में वही बचे हैं जो दूसरों को सुधारने की नहीं सोचते। जो ऐसा सोचते हैं, वे खुद सुधर जाते हैं और एक दिन देहात की माटी फांकते हुए नजर आते हैं।

# राशन डिपो लेने के लिए अब 14 अगस्त तक करें महिला आवेदन

## जिला में 501 में से महिला को मिलेंगे 165 राशन डिपो, अभी सिर्फ 13 ही डिपो चला रही महिलाएं, सरकारी दफ्तरों के नहीं काटना चक्कर, आवेदनकर्ता सरल पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की महिलाओं को एक बार फिर राहत दी है। महिलाओं को राशन डिपो में 33 फीसदी हिस्सा दिलाने का चुनावी वायदा पूरा करते हुए आवेदन की तिथि सात अगस्त सुबह 10 बजे तक तय की गई थी। इसी दौरान डिप्टी सीएम के पास प्रदेश के हर कोने से यह संदेश पहुंचा कि आवेदन में संग्लन होने वाले दस्तावेज तैयार नहीं होने की वजह से समय लग रहा है, इस कारण अतिथि तिथि को बढ़ाया जाए। महिलाओं के इस आग्रह को भी स्वीकारते हुए डिप्टी सीएम ने अब राशन डिपो लेने के लिए आवेदन तिथि 14 अगस्त शाम पांच बजे तक कर दी है। इसका लाभ महेंद्रगढ़ जिला की इच्छुक आवेदकर्ता महिलाओं को भी मिलेगा। इसके लिए यहां की महिलाओं ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास है। उनके इस विभाग में राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देने का ऐलान पिछले दिनों किया गया था। अगर हम महेंद्रगढ़ जिला की बात करें तो जिला में कुल 1 लाख 37 हजार 269 राशनकार्ड है, इनमें 5 लाख 20 हजार 876 सदस्य है। एएवाई व बीपीएल की बात करें जिला में एएवाई श्रेणी में 16 हजार 492 राशन कार्ड और इनमें 58 हजार 820 सदस्य है। इसी तरह बीपीएल श्रेणी में 1 लाख 20 हजार 777 राशन कार्ड है और इनमें 4 लाख 62 हजार 56 सदस्य है।



### डिप्टी सीएम ने बढ़ाया महिलाओं का मान

**जेजेपी** की जिला महिला अध्यक्ष सुविधा शास्त्री का कहना है कि प्रदेश में महिलाओं का मान बढ़ाने में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पहले पंचायती राज में पुरूषों के बराबर महिलाओं को हक दिलाया। अब राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने का काम किया है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होगी, जिसका लाभ भविष्य में उनकी संतान परिवार को मिलेगा।

**आवेदन तिथि बढ़ाने का महिलाएं उठाए लाभ: जेजेपी** नेत्री एवं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने बताया कि राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को मिला है। आवेदन करने की पहले तिथि सात अगस्त थी। डिमांड बढ़ने पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इसे बढ़ाकर 14 अगस्त शाम पांच बजे तक कर दी है।

# सुविधाओं के अभाव में बदहाली का जीवन जी रहे हैं हुड्डा सैक्टर के निवासी



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । शहर** की पोस कालोनी हुड्डा सैक्टर में इन दिनों समस्याओं के भरमार बनी हुई है। लोगों ने अच्छे आशियाने को लेकर अपनी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर हुड्डा में अपने मकान बनाए थे। परंतु आज पेयजल आपूर्ति, सड़क,सीवर,बरसात के पानी की निकासी व पार्कों की दुर्दशा के कारण आज सेक्टर में रह रहे लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। शहर के मध्य निश्चित हुड्डा सैक्टर 1 में सरकार द्वारा सुविधाओं से युक्त कई वर्षों पूर्व कालोनी स्थापित की गई थी । सेक्टर में सरकार द्वारा जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी थी वह सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण लोग सरकार को कोस रहे हैं। सेक्टर की सभी सड़कें टूटी पड़ी है। जिनसे लोगों का चलना भी दूभर हो गया है। कहने को तो सेक्टर में नांगल चौधरी के विधायक,पूर्व न्यायाधीश,भाजपा के जिला अध्यक्ष,जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष,नगर परिषद की चेयरमैन,जिले के वरिष्ठ अधिकारी , पत्रकारों , समाजसेवी, व्यापारी वर्ग सहित सरकार की उपलब्धियों का बखान करने वाले महकमे जिला लोक संपर्क अधिकारी का निवास स्थान भी यहां बना हुआ है। परंतु उनके निवास स्थान के मुख्य द्वार के सामने तथा मकान के साथ खाली जगह पर सीवर का पानी भरा हुआ है। जिसमें पानी की दुर्गन्ध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यही नहीं बल्कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीने के पानी की सप्लाई में भी सीवर का दुर्गंध युक्त बदबूदार पानी घरों में सप्लाई हो रहा है। जिसके कारण लोगों में पेट की बीमारी तथा डायरिया की शिकायतें मिल रही है। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई का कारण जो पानी की लाइन डाली गई है वह काफी पुरानी हो चुकी है तथा जर्जर अवस्था में है। तथा कई जगह सीवर लाइन टूटे पड़ी है। जिसके कारण पानी की सप्लाई मे बदबूदार पानी आ रहा है। सेक्टर में मुख्य सुभाष पार्क के पीछे वाले बच्चों के पार्क में स्ट्रीट लाइट का कोई प्रबंध नहीं है जिस कारण रात को आवारा किस्म के लोग पार्क में बैठे रहते हैं।पार्क की दीवारे टूटी पड़ी है जिस कारण सेक्टर में रहने वाले लोग भय के साए में जी रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग भी की है कि उक्त पार्क में लाइट तथा दीवारों को ठीक करवाया जाए। हुड्डा निवासी अनेकों लोगों ने बताया कि सुविधाओं को देखते हुए हमने हुड्डा सेक्टर में अपने निवास स्थान बनाए थे , परंतु यहां पर कोई भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सड़के टूटी पड़ी है तथा सीवर तथा पीने के पानी की व्यवस्थाएं नकारा साबित हो चुकी हैं। हुड्डा में स्थित पार्कों की हालत दयनीय बनी हुई है। इस बारे में हुड्डा रेजिडेंशियल एसोसिएशन की प्रधान पंकज यादव ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने कई बार जिले के अधिकारियों को अवगत कराया है परंतु आश्वासनों के अलावा उन्हें अभी तक कुछ नहीं मिला है।

## न्यूज फ्लैश

### फसल, मकान, ढाणी, पशुओं, ट्यूबवेल व अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान के लिए 18 अगस्त तक करें आवेदन: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**



**उपायुक्त** शांतनु शर्मा ने कहा कि बाढ़ के कारण फसल, मकान, ढाणी, पशुओं, ट्यूबवेल व अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान के मुआवजे के लिए सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को फिर से शुरू किया गया है। अब आमजन व किसान अपने नुकसान से संबंधित जानकारी को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 18 अगस्त 2023 तक कर सकते है। राज्य सरकार द्वारा दोबारा धान की रोपाई करने वाले किसानों के लिए मुआवजे हेतु पोर्टल को खोल दिया है। अब किसान पोर्टल पर मुआवजे के लिए आवेदन कर सकते है, लेकिन किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण जरुर करना होगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अधिक वर्षा के कारण नदियों और नहरों का जलस्तर काफी बढ़ा। इस जलस्तर के बढने से जिला में बाढ़ के कारण फसलों, मकान, ढाणी, पशुओं, ट्यूबवेल व अन्य संपत्तियों का काफी नुकसान हुआ। जिनका नुकसान हुआ है, उनको मुआवजे के लिए सरकार की ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस आवेदन से पहले किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण भी करवाना होगा। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुरुक्षेत्र में बाढ़ के पानी से किसानों की फसलों का काफी नुकसान हुआ है। इसके लिए सरकार की तरफ से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को फिर शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर आवेदन करने से पहले किसानों को सबसे पहले मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस पंजीकरण के उपरांत किसान खराब हुई फसल के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 18 अगस्त 2023 तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि थानेसर, पिहोवा, शाहबाद व लाडवा में तहसीलदार तथा बाबैन व इस्माईलाबाद में नायब तहसीलदार किसानों को जागरूक करके फसलों के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण करवाएंगे। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक गांव-गांव जाकर किसानों को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के बारे में जानकारी देंगे और विस्तार से बताएंगे कि सरकार द्वारा मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला है। इसलिए किसान जल्द से जल्द मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के बाद ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भी पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

### प्रोफेशनल्स कांग्रेस को अहम चुनावी जिम्मेदारी दी जाएगी: दीपक बाबरिया

**पानीपत:** हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने विशेष रूप से आगामी चुनावों में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की जिम्मेदारी तय करने के लिए बैठक बुलाई थी। इस बैठक में राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की उपस्तिथि से कार्यकर्ताओं का हौंसला देखते ही बनता था। दिपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मैं खुद राजनीति में आने से पहले एक प्रोफेशनल था। इसलिए मैं आश्वसत हूं के इन्हें जो जिम्मेदारी दी जाएगी ये इसे बखूबी निभाएंगे। दीपक बाबरिया ने कहा कि हम हरियाणा में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की भागीदारी से एक ऐसा मॉडल तैयार करेंगे जिसे कांग्रेस पार्टी पूरे देश में दोहराएगी। सुनने में आया है कि दीपक बाबरिया दिपेंद्र हुड्डा प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पिछले पांच सालों के लगातार काम काज से काफी प्रभावित हुए। प्रोफेशनल्स कांग्रेस हरियाणा के अध्यक्ष विजय ढिल्लों व उनकी पूरी टीम जिसमें उपाध्यक्ष डॉ सौरव शर्मा, सचिव कनुप्रिया ढंढारिया शामिल हैं। प्रोफेशनल्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रोफेशनल्स कांग्रेस, पार्टी का अग्रिम संगठन है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शशि थरूर हैं। इस बैठक में शामिल होने वालों में से कुछ महत्वपूर्ण नाम शरद वर्मा, सत्यम अनेजा, समीक्षा ठाकुर, मोहित गुप्ता, जसकरन ढिल्लों, राकेश मालिक व युवा कांग्रेस नेता वरधन यादव हैं।

# वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पिछले** एक महीने से भी ज्यादा समय से हरियाणा के लिपिक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है जिसके कारण हरियाणा के बहुत सारे विभागों का कार्य प्रभावित हो रहा है। अपनी जायज मांगों को लेकर लिपिक वर्ग इस हड़ताल पर 5 जुलाई से चला गया था। लिपिक वर्ग के संगठनों से सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा तीन दौर की बातचीत भी हो चुकी है। परंतु किसी तरह की सहमति न बन पाने के कारण हड़ताल जारी है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेतृत्व में जिला स्तर पर सीटीएम विश्वजीत सिंह को ज्ञापन देते हुए कहा कि लिपिक वर्ग की मांगों का तुरंत समाधान किया जाए और पिछली सरकार की कैबिनेट द्वारा मंजूर किए गए 35400/- के स्केल की नोटिफिकेशन तुरंत जारी की जाए और एक महीने से चली आ रही हड़ताल का निपटारा किया जाए अन्यथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा लिपिक वर्ग के आंदोलन को तेज करने में मदद करेगा। उनका कहना है कि सरकार को चाहिए वे कर्लकों की समस्या का जल्द से जल्द हल करें जिससे लोगो को भी राहत मिले और तहसील में कार्य फिर से शुरू हो सके। पिछले एक महीने से कई कार्य रूके हुए है। जिसके कारण लोगो को परेशानी हो रही है।



**मांग**

▶▶ अपनी जायज मांगों को लेकर लिपिक वर्ग इस हड़ताल पर 5 जुलाई से चला गया था

# नूंह/मेवात में हो रहे दंगों को लेकर बसपा ने सौंपे ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नूंह** में हो रहे दंगों पर रोष व्यक्त करते हुए अम्बाला बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बसपा जिला इकाई की तरफ से भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के तहत गुंडागर्दी व दंगा करने वालों के विरोध में जिला स्तरीय रोष धरना प्रर्दशन किया नूंह, मेवात जिले में हुई साम्प्रदायिक दंगो में कार्रवाई की मांग को लेकर सीटीएम विश्वजीत को ज्ञापन सौंपा। उन्होनें कहा कि इसका तुरन्त प्रभाव से समाधान किया जाये तथा हरियाणा में धरने पर बैठे लिपिक कर्मचारियो और आशा वर्करों की मांग को सरकार जल्द से जल्द पूरा करे महामहिम जैसे कि विधित है मणिपुर की तर्ज पर ही हरियाणा के नूंह, गुडगांव, फरीदाबाद, रेवाड़ी, झज्जर जिले मे धारा 144 लागू होने के बाद भी शांति बहाल नही हो पाई।

# आशा वर्कर्स ने उपायुक्त कार्यालय में किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) लगातार** सरकार द्वारा आशा वर्कर्स की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है लंबे समय से अपने हक के लिए लड़ रही आशा वर्कर्स अंबाला उपायुक्त कार्यालय पहुंची और प्रदर्शन किया व सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी मांगो को पूरा करने की अपील की। आशा वर्कर ने बताया कि उनकी केवल यही मांग है उन्हें स्थाई वर्कर का दर्जा दिया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार सुनिश्चित किया जाए क्योंकि उनसे वेतन के मुकाबले काम अधिक लिया जाता है अब तो सरकार आशा वर्कर्स से ऑनलाइन काम भी करवाती है जिससे उन पर का दबाव जायदा रहता है यूविन एप पर ऑनलाइन काम के दबाव के चलते हाल ही में सरकार द्वारा एक लैटर जारी किया गया जिसमें कई आशा वर्कर्स को काम से ये हवाला दे कर निकाल दिया गया कि वे काम नहीं करना चाहती जिस पर उनका साफ तौर पर कहना आशा वर्कर्स काम से कभी पीछे नहीं हटी हैं जरूरत है तो सिर्फ उन्हें ऑनलाइन काम सिखाने की जिसके इंसेंटिव की भी वे मांग करती हैं ।



### आप की नीतियों को लेकर डोर टू डोर अभियान चलाया: रावल

**पानीपत: सनौली** ब्लॉक अध्यक्ष मोहसिन अली रावल ने गांव गढ़ी बैसिक, राणा माजरा पत्थर गढ़, जलालपुर, नवादा व अन्य कई गांवों का दौरा कर आम लोगो से जनसंपर्क किया। उनको बिजली आंदोलन के बारे में समझाया और आम आदमी पार्टी की योजनाएं समझाई 2024 में आने वाले लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी का साथ देने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर साबिर अली, भाई मुकरीम काक्का गुज्जर गढ़ी बेसिक, भाई सादिक अली, डॉक्टर मुकरिम अली,सारीक कोच, डॉक्टर आरिफ अली, मनव्वरअली, इफ्ताखार , बिलाल अली, आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी बलविंद्र सिंह घोत्रा ने मां की याद में राष्ट्रभक्तों एवं राजनायकों की तस्वीरें स्कूल को भेंट की

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**राजकीय प्राथमिक** पाठशाला निवारसी कॉलोनी में गाँव निवारसी की पंचायत में पंच एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व समाजसेवी बलविंद्र सिंह घोत्रा ने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती रावेल कौर की याद में देश के राष्ट्रभक्तों एवं राजनायकों की तस्वीरें स्कूल को भेंट की ' उन्होंने ये तस्वीरें विद्यालय इंचार्ज प्रदीप कुमार को सप्रेम भेंट की और भेंट करते समय उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि साल में विशेष दिन हमारे राष्ट्रभक्तों को समर्पित हैं ,जो हमें और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं ' सभी बच्चों को देश के महापुरुषों, राष्ट्रभक्तों,वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और मेहनत से खूब पढाई करके व अच्छे संस्कारों से युक्त देश के श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयत्न करना चाहिए ' उन्होंने अलग- अलग राष्टभक्तों एवं राजनायकों की 15 तस्वीरें भेंट की जिनमें भारत माता,डॉ भीमराव अंबेडकर,राष्टपिता महात्मा गाँधी,नेता सुभाष चंद्र बोस,लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल,झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू,अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला,महान वैज्ञानिक ए.पी.जे.अब्दुल कलाम,वीर महाराणा प्रताप,प्रथम राष्टपति डॉ राजेंद्र प्रसाद,युवाओं के प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद,राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रबींदरनाथ टैगोर, भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व शहीद भगत सिंह की यादगार तस्वीरें शामिल हैं ' विद्यालय इंचार्ज प्रदीप कुमार,अध्यापिका गीता देवी,एजुसेट चौकीदार शेर सिंह तथा विद्यालय की प्रबंध समिति ने बलविंद्र सिंह घोत्रा जी का आभार जताया ' विद्यालय के इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि इन तस्वीरों के साथ विशेष दिवस के अवसर पर विद्यालय की तरफ से पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि का कार्यक्रम भलीभूत होगा और विशेष दिवस मनाने का प्रयास सार्थक होगा । साथ ही साथ विद्यार्थी भी अपने राष्ट्रभक्तों व राजनायकों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में कामयाबी की राह पर अग्रसर होंगे।



# वाहन चोर गिरोह से चोरीशुदा गाड़ियों के पार्टस बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत,** एएसपी मयंक मिश्रा ने एंटी व्हीकल थेप्ट स्टाफ में मंगलवार को प्रेसवार्ता कर प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी व्हीकल थेप्ट टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गत वीरवार को डाहर गोल चक्कर पर काबू कर निशानदेही पर चोरीशुदा ईको व पिकअप गाड़ी खरीदने वाले दिल्ली निवासी आरोपी कबाड़ी को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों से पानीपत की 3, झज्जर की 1, रोहतक की 1 व दिल्ली के मुंडका व बवाना की 4 वारदातों का खुलासा हुआ था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीन निवासी सिसाना, राहुल निवासी खरखोदा व देवेंद्र उर्फ गोली निवासी सिसाना सोनीपत व कबाड़ी आरोपी की पहचान रवनीक उर्फ एक्कम निवासी सुभाष नगर दिल्ली के रूप में हुई थी। एएसपी मयंक मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि गिरोह का सरगना आरोपी प्रवीन है। आरोपी प्रवीन अपने दोनों साथी आरोपियों के साथ मिलकर हरियाणा व दिल्ली में विभिन्न स्थानों से इक्को व पिकअप गाड़ी चोरी कर पुलिस पकड़ से बचने के लिए लिंक रास्तों से होते हुए बहादुरगढ़ जाकर कबाड़ी रवनीक को 40 से 50 हजार रूपए में गाड़ी बेचकर पैसों को बाट लेते थे। आरोपी रवनीक चोरी की गाड़ियों को खरीद कर गुरूग्राम के बजगेड़ा में गाड़ी को कटवाकर दिल्ली मायापुरी में उनके अलग अलग दुकानों पर पाट्र्स बेच देता था। आरोपी मास्टर चाबी से इक्कों गाड़ी का लॉक खोलकर चोरी करते थे। आरोपी प्रवीन व राहुल का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ सोनीपत, पानीपत, रोहतक व भिवानी में पहले भी 8 मुकदमें दर्ज है। दोनों आरोपी करीब एक साल पहले सोनीपत जेल से बेल पर बाहर आए थे।

# जिम्नास्टिक चैंपि. में लिटल एंजल्स स्कूल ने बाजी मारी

## विद्यालय के बच्चों ने जिम्नास्टिक के विभिन्न व्यायामों की एक शानदार प्रस्तुति दी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**

8 अगस्त, 2023 को लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में आयोजित दो दिवसीय सोनीपत डिस्ट्रिक्ट जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का समापन हुआ । इस अवसर पर पारस राम (डिप्टी डाइरेक्टर (रिटायर्ड) वर्किंग प्रेसिडेंट हरियाणा जिम्नास्टिक्स एसोशिएशन), अभिषेक त्रिपाठी (एक्क्सीलेंस जिम्नास्टिक्स अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम) देवेंद्र आहूजा (समाजसेवी), विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, एडमिन ऑफिसर विवेक कुमार, जिम्नास्टिक संघ के सचिव ओ॰पी॰ सैनी, कोच सीमा शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय प्रशासन द्वारा अतिथिगणों को प्लांटर देकर उनका स्वागत किया गया । तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने जिम्नास्टिक के विभिन्न व्यायामों की एक शानदार प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में लिटल एज्ल्स स्कूल 22 गोल्ड 15 सिल्वर 18 ब्रोंज मेडल के साथ ओवर ऑल चैम्पियन रहा । विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना को सराहते हुए उन्हें भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया ।



# हसला, कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** हसला कुरुक्षेत्र के चेयरमैन सतबीर कौशिक के मार्गदर्शन में व जिला प्रधान डॉ. दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रधान डॉ दिनेश यादव ने समस्त कार्यकारिणी का स्वागत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जिला कार्यकारिणी में नए सदस्यों को शामिल किया जाए क्योंकि बहुत से प्राध्यापक पदोन्नति के पश्चात प्रधानाचार्य बन चुके हैं। जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉ प्रीतिका को वरिष्ठ उप प्रधान,केतकी राणा,स्वाति पूनिया,रीना को उप प्रधान,नीलम बिड़लान,सुनील कुमार,संदीप सिंह,राजेश शर्मा को सचिव,जोगिन्दर कुमार सैनी,प्रवीण शर्मा को संगठन सचिव एवं जितेन्द्र को प्रैस सचिव चयनित किया गया। चुने गए नए सदस्यों को चेयरमैन सतबीर कौशिक द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इसके पश्चात टीचर ट्रांसफर पॉलिसी पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ साथी डॉ गिरधारी लाल ने हरियाणा सरकार से मांग की कि टीचर ट्रांसफर पॉलिसी का ड्राफ़्ट शीघ्र जारी करे और उसमें खामियों को दुरूस्त करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संगठनों से बातचीत कर संशोधन करे । इस अवसर पर पूर्व जिला प्रधान अनिल कुमार गर्ग,महासचिव राजबीर सिंह,थानेसर ब्लॉक प्रधान प्रीतम सिंह राणा,प्रैस सचिव रघुवीर टगेजा,अनिल शर्मा,गौतम दत्त एवं डॉ रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली सरकार में आतिशी का कद फिर बढ़ा

## सर्विस और विजिलेंस विभाग भी दिए गए, पहले संभाल रहे थे सौरभ भारद्वाज

**कमान**

**इससे पहले आतिशी को लोक निर्माण विभाग और शिक्षा विभाग की कमान सौंपी गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** की अरविंद केजरीवाल सरकार में मंगलवार को बड़ा बदलाव किया गया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार में आतिशी का कद एक बार फिर बढ़ाया गया है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने आतिशी को सर्विस और विजिलेंस विभाग भी दिए हैं। इससे पहले उन्हें लोक निर्माण विभाग और शिक्षा विभाग की कमान सौंपी गई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से इस संबंध में मंजूरी के लिए एक फाइल उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी गई है। यहां बता दें कि अभी तक दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ये दोनों विभाग संभाल रहे थे।

इस नए बदलाव को लेकर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति के लिए उपराज्यपाल को फाइल भेज दी है। उल्लेखनी है कि कल यानी सोमवार को ही राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास हुआ है।

**अब 14 विभाग संभालेंगी आतिशी:** उल्लेखनीय है कि जून में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा कैबिनेट में फेरबदल के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

ये तीनों विभाग पहले परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे। अभी सरकार के किसी मंत्री के पास इतने मंत्रालयों की जिम्मेदारी नहीं हैं। आतिशी दिल्ली कैबिनेट में एकमात्र ऐसी महिला मंत्री हैं जो अब 14 विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगी।





## आंगनवाड़ियों में बचपन को मिल रहा बेहतर अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और पोषण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** एवं बाल-विकास मंत्री आतिशी ने मंगलवार सुबह लक्ष्मी नगर स्थित केजरीवाल सरकार के आंगनवाड़ी सेंटर का दौरा किया। विजिट के दौरान डब्ल्यूसीडी मंत्री ने केंद्र में बच्चों और आंगनवाड़ी वर्कर्स से बातचीत की, एक्टिविटीज में भाग लिया तथा वहाँ मौजूदा सुविधाओं की पड़ताल की। मंत्री आतिशी ने यहाँ बच्चों को मिल रहे भोजन की स्वयं खाकर जाँच भी की और अधिकारियों को बच्चों के पसंद के अनुसार न्यूट्रिशियश मेन्यू तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को केजरीवाल सरकार द्वारा हाल में ही लॉंच किए गये खेल पिटारा किट का बच्चों की लर्निंग पर क्या प्रभाव रहा है उसका इंपैक्ट स्टडी करने का भी निर्देश दिया। मंत्री



आतिशी ने कहा कि, अपने स्कूलों को शानदार बनाने के बाद अब केजरीवाल सरकार अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन को वर्ल्ड-क्लास बनाने की दिशा में काम कर रही है। हम अपनी आंगनवाड़ियों को उस हर जरूरी सुविधा से लैस कर रहे है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बने।

साथ ही इस दिशा में सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स के लिए खास ट्रेनिंग भी डिजाइन कर रही है। उन्होंने कहा कि, 1-6 साल की उम्र में जब बच्चे आंगनवाड़ी में आते हैं तो वे कितने जिज्ञासु होते हैं। वे अपने आस-पास की हर चीज के बारे में जानने के लिए उत्सुक होते हैं। रिसर्च भी बताते है कि एक बच्चे के मस्तिष्क का सबसे ज्यादा विकास 0-6 साल की उम्र के दौरान होता है। ऐसे में हमारी आंगनवाड़ी वर्कर्स ये सुनिश्चित कर रही है कि यहाँ आने वाले हर बच्चे को बेहतर शिक्षा और पोषण मिले ताकि वो सीखने के क्रम में पीछे न छूटे। विजिट के दौरान डब्ल्यूसीडी मंत्री ने पाया कि सेंटर पर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा गया है। आंगनवाड़ी के हर हिस्से को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है ताकि वो बच्चों की लर्निंग का हिस्सा बने। साथ ही बच्चे की लर्निंग के लिए खेल पिटारा किट का भी अच्छे से इस्तेमाल किया जा रहा है। लंच के दौरान बच्चों में हाथ धोने की अच्छी आदत विकसित की गई है। ये सब देखते हुए डब्ल्यूसीडी मंत्री ने आंगनवाड़ी वर्कर्स की सराहना की।

### आंगनवाड़ी की दीवारों को और कलरफुल बनाने के निर्देश

**शिक्षा मंत्री ने** अधिकारियों को आंगनवाड़ी की दीवारों को और कलरफुल बनाने और उसपर बच्चों के अनुकूल पेंटिंग बनाने के निर्देश दिये और इस पूरी प्रक्रिया में कम्यूनिटी और स्कूली बच्चों को शामिल करने की बात कही। बातचीत के दौरान आंगनवाड़ी वर्कर्स ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनवाड़ी का रंग-रूप बदला गया है और यहाँ सभी जरूरी सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे में आंगनवाड़ी के बदले स्वरूप से आसपास के लोग काफी खुश है और अपने बच्चों को इस आंगनवाड़ी में भेजने के लिए काफी उत्सुक है। एक आंगनवाड़ी वर्कर ने कहा कि,आसपास के इलाके के कई पेरेंट्स जब आंगनवाड़ी देखने आये तो काफी खुश हुए और उनमे से कुछ पेरेंट्स तो अपने बच्चों को निजी प्ले वे स्कूलों से दिल्ली सरकार की आंगनवाड़ी में दाखिला दिला रहे है क्योंकि यहां उन्हें सरकार द्वारा मुफ्त में बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं आंगनवाड़ी वर्कर्स को प्रोत्साहित करते हुए डब्ल्यूसीडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, हमारी आंगनवाड़ियों में समझ के सबसे जरूरतमंद तबके से बच्चे आते है और अधिकांश बच्चे फर्स्ट जनरेशन लर्नर होते है।

# कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग के निर्माण का रास्ता किया साफ



**मंजूरी**

**प्रोजेक्ट में बांधक बन रहे 107 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने या हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग के निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर कर दिया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रोजेक्ट में बांधक बन रहे 107 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने या हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अशोक रोड पर बनाई जा रही कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग के निर्माण कार्य में अब तेजी आ सकेगी। इसमें केंद्र सरकार के प्रशासनिक कार्यालय होंगे। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने साइट पर बिल्डिंग निर्माण के चलते प्रभावित 107 पेड़ों को हटाने व ट्रांसप्लांट करने का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री ने उस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी देकर प्रोजेक्ट का रास्ता साफ कर दिया। संबंधित एजेंसी को 107 पेड़ों को हटाने व ट्रांसप्लांट करने की एवज में 1070 नए पौधे लगाने की शर्त का कड़ाई से पालन करना होगा।

प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए दिल्ली सरकार ने कहा है कि संबंधित एजेंसी के रूप में सीपीडब्ल्यूडी सभी 107 पेड़ों का प्रत्यारोपण करेगा और वो किसी भी पेड़ की कटाई नहीं करेगा। सभी पेड़ों का प्रत्यारोपण बदरपुर स्थित एनटीपीसी इको पार्क में होगा। दिल्ली सरकार ने सीपीडब्ल्यूडी से कहा है कि वह साइट पर ट्रांसप्लांटेशन के लिए चिंहित पेड़ों के अलावा एक भी पेड़ को नुकसान न पहुंचाए। यदि स्वीकृत पेड़ों के अलावा किसी अन्य पेड़ को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो यह दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा। दिल्ली सरकार ने सीपीडब्ल्यूडी के लिए पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण की एवज में 10 गुना पेड़ लगाना अनिवार्य किया है। इसलिए विभाग पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए चिन्हित स्थल पर 1070 नए पेड़ लगाने के लिए बाध्य है। अब वो एनटीपीसी इको पार्क में 107 पेड़ों का प्रत्यारोपण करने के अलावा 1070 नए पेड़ पौधे लगाएंगे।

# पश्चिमी रेलवे के बहुमंजिला आवासीय भवन के निर्माण का रास्ता हुआ साफ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने अरकपुर बाग मोची में बनने वाले पश्चिमी रेलवे के बहुमंजिला आवासीय भवन के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। दिल्ली सरकार ने 96 पेड़ों को हटाने के उत्तर रेलवे के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट के लिए कोई भी पेड़ नहीं काटा जाएगा और सभी 96 पेड़ों को शकूरबस्ती के पास चयनित स्थल पर प्रत्यारोपित किया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रहित में प्रस्ताव को मंजूरी देकर परियोजना का रास्ता साफ कर दिया। प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी है कि उत्तर रेलवे योजना के अनुसार 96 मौजूदा पेड़ों का प्रत्यारोपण और 960 नए पौधे लगाएगा। दिल्ली सरकार से उत्तर रेलवे ने मोती बाग के पास के स्थान पर कुल 162 पेड़ों में से 96 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का अनुरोध किया था। इसके बाद उत्तर रेलवे के अधिकारियों के साथ वन विभाग के अधिकारियों ने परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। मामले पर एक रिपोर्ट पश्चिम वन प्रभाग के वृक्ष अधिकारी (डीसीएफ) को दी गई, जिन्होंने इसकी जांच की। वृक्ष अधिकारी के अनुसार क्षेत्र में पेड़ों की कुल संख्या 162 है और इसमें से 96 पेड़ों को प्रत्यारोपण के लिए प्रस्तावित किया गया। साथ ही एक भी पेड़ को न काटने और न छांटने का प्रस्ताव दिया गया।

# भाभी पर टूटा देवर का कहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक युवक ने अपना रिश्ता टूटने पर भाभी को पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। हमले में महिला खुशबू बुरी तरह जख्मी हो गई। गंभीर हालत में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। दरअसल खुशबू के देवर पंकज के रिश्ते की बात चल रही थी। उसके घर पर रिश्ते वाले आए हुए थे। बात भी लगभग फाइनल थी। मेहमानों के सामने खुशबू ने घर में हंगामा शुरू कर दिया। इस बात पर लड़की वालों ने बेटी की शादी करने से इंकार कर दिया। खुशबू अपने परिवार के साथ बुराड़ी इलाके में रहती है। इसके परिवार में पति पवन व देवर पंकज के अलावा अन्य सदस्य हैं।

# बाल श्रमः महिला आयोग ने 14 वर्षीय लड़की को बचाया



**आजाद कराया**

**लड़की झारखंड के गिरिडीह जिले की रहने वाली है और उसने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई वहीं की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग ने बाल श्रम के लिए मजबूर की गई 14 साल की एक लड़की को बचाया है। पांच अगस्त को दिल्ली महिला आयोग को एक संगठन 'सिल्वर सेवन' से शिकायत मिली, जिसमें बताया गया कि दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 इलाके में 14 साल की एक लड़की को घरेलू सहायिका के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। आयोग ने तुरंत संस्था के कर्मचारियों से संपर्क किया और उन के साथ स्थानीय पुलिस स्टेशन गए। आयोग की टीम दिल्ली पुलिस अधिकारियों और संगठन के साथ ग्रेटर कैलाश-1 में घटनास्थल पर गई और 14 वर्षीय लड़की को बचाया। उसे पुलिस स्टेशन लाया गया, वह बहुत डरी हुई और सदमे में थी। वह उस घर में वापस न भेजे जाने के लिए गुहार लगा रही थी। लड़की ने बताया कि वह झारखंड के गिरिडीह जिले की रहने वाली है और उसने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई वहीं की है। जब वह बहुत छोटी थी तभी उसके माता-पिता की मृत्यु हो गई। उसके परिवार में 2 भाई और 2 बहनें हैं। उसने बताया कि उसके भाई और भाभी उसे परेशान करते थे और अक्सर उसकी पिटाई करते थे, इसलिए वह अपने घर से भाग गई और 2021 में अपने पड़ोसी के साथ दिल्ली आ गई, जिसने उसे राजधानी में नौकरी दिलाने का वादा किया था। उसने बताया कि गोविंद नाम के व्यक्ति के जरिए उसे घरेलू काम करने के लिए एक घर में रखा गया था और वह डेढ़ साल से अधिक समय से वहां रह रही थी।

लड़की ने आगे बताया कि जिस परिवार के साथ वह काम कर रही थी, उसमें चार सदस्य थे। मकान मालिक, उसकी पत्नी और उनके 18 और 13 साल के दो लड़के। उसने कहा कि वह घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही थी और उसे घर का सारा घरेलू काम करना पड़ता था।

पीड़िता ने बताया कि घर की मालकिन नियमित रूप से उसके साथ दुर्व्यवहार करती थी और उसकी पिटाई करती थी। लड़की को मालकिन ने बताया कि उसे काफी पैसे खर्च करके 'खरीदा' गया है और वह उसे जाने नहीं देंगे। उसने कहा कि उसे मात्र 3000-4000 प्रति माह दिए जाते थे और वह भी उसे नहीं सौंपे जाते थे बल्कि मालकिन द्वारा उसके मासिक राशन और अन्य आवश्यक चीजों को खरीदने के लिए खर्च किया जाता था।

# डीयूः जल्द खत्म होगा एनसीवेब में दाखिले का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली विश्वविद्यालय** के नॉन कॉलिजिऐट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में दाखिले का इंतजार खत्म होने जा रहा है। पहली कट ऑफ 16 अगस्त को जारी होगी। इस कट ऑफ के आधार पर एनसीवेब 15,210 सीटों पर ऑनलाइन दाखिले की शुरूआत 17 अगस्त से होगी। एनसीवेब ने दाखिले के लिए कट ऑफ व दाखिला शेड्यूल जारी कर दिया है। कुल पांच कट ऑफ जारी होंगी, तीन कट ऑफ के बाद एक स्पेशल कट ऑफ और पांचवीं कट ऑफ के बाद एक और स्पेशल कट ऑफ जारी होगी। एनसीवेब के शेड्यूल के अनुसार, पहली कट ऑफ के दाखिले 17 अगस्त सुबह दस बजे शुरू होंगे और 19 अगस्त रात 11:59 मिनट तक दाखिला लिया जा सकता है। कॉलेज 20 अगस्त शाम पांच बजे तक दाखिले मंजूर करेंगे। जबकि फीस भुगतान का अंतिम दिन 21 अगस्त शाम पांच बजे तक किया जा सकता है। दो कट ऑफ तक दाखिले के लिए तीन दिन मिलेंगे, जबकि उसके बाद आने वाली प्रत्येक कट ऑफ में दाखिले के लिए दो दिन ही मिलेंगे।

# दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में भीषण सड़क हादसे में कार सवार युवती की मौत हो गई। हादसा में चंदगीराम अखाड़े के पास रिंग रोड पर लाल बत्ती पर ट्रक के पीछे खड़ी मारुति ए-स्टार कार को दूसरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। दो ट्रकों के बीच में आकर कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से किसी तरह कार सवार मां-बेटी समेत चार लोगों को नजदीकी ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां उपचार के दौरान 22 वर्षीय अमनदीप कौर को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, अमनदीप की मां 52 वर्षीय पुष्पा, मौसेरे भाई 30 वर्षीय बंटी



और फुफेरे भाई 33 वर्षीय हरमिंदर सिंह का अस्पताल में इलाज जारी है

**शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपाः** हादसे के बाद आरोपित ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सब्जी मंडी शव गृह में पोस्टमॉर्टम करा अमनदीप के शव को स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस फिलहाल दोनों ट्रक और कार का मैकेनिकल इंस्पेक्शन कराने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही से वाहन चलाने व मौत की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

**टक्कर**

**लाल बत्ती पर ट्रक के पीछे खड़ी मारुति ए-स्टार कार को दूसरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी**

**कौन है मृतका के परिवार में?** डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार, अमनदीप कौर परिवार के साथ तिमारपुर के नेहरु विहार स्थित बी ब्लॉक में रहती थी। उनके परिवार में पिता हरचरण सिंह उर्फ निक्कू, मां पुष्पा और एक बड़ा भाई गुरप्रीत सिंह है। अमनदीप मैकअप आर्टिस्ट थी। पिता हरचरण अपने बेटे के साथ निक्कू स्टूडियो के नाम से फोटो स्टूडियो चलाते हैं। छुट्टी पर अमनदीप का मौसेरा भाई बंटी घर आया हुआ था। रात को अचानक गुरुद्वारा शीशगंज दर्शन और चांदनी चौक में चाट खाने की योजना बनी। अमनदीप ने अपनी बुआ के बेटे हरमिंदर को हरदेव नगर से बुला लिया। हरमिंदर अपनी मारुति ए-स्टार कार लेकर आए। चारों कार में सवार होकर गुरुद्वारे गए।

# शख्स ने बेटी की छह वर्षीय दोस्त से किया रेप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीलमपुर** इलाके में एक शख्स ने अपनी बेटी की छह वर्षीय दोस्त को अपनी हवस का शिकार बना लिया। दुष्कर्म करने के बाद किसी को कुछ भी बताने पर हत्या की धमकी दी। वारदात से बच्ची बुरी तरह से सहम गई। बच्ची के गुमसुम होने पर परिवार को शक हुआ, बच्ची ने मां को आपबीती बताई। जिसके बाद मां की शिकायत पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो की धारा में प्राथमिकी की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

**निगम स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ती है बच्चीः** पीड़िता परिवार के साथ सीलमपुर थाना क्षेत्र में रहती है। परिवार में माता-पिता व अन्य सदस्य हैं। वह निगम स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ाई करती है। जिस बिल्डिंग में पीड़िता रहती है, उसी में उसकी सहेली भी अपने परिवार के साथ रहती है। पीड़िता अक्सर अपनी सहेली के घर खेलने जाती थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ दिनों से गुमसुम थी। न ठीक तरह खाना खा रही न खेलने जा रही थी। मां ने जब उससे इसकी वजह पूछी तो बच्ची ने डरते-डरते बताया की जब वह सहेली के घर खेलने जाती, सहेली के पिता किसी बहाने से अपनी बेटी को घर से बाहर भेज देते थे।

**विवाद की जड़**

**केजरीवाल सरकार के गठन के बाद इसी तबादले और नियुक्त को लेकर विवाद शुरू हुआ था, यही वह मुद्दा था जिसे लेकर सबसे अधिक विवाद हुआ है**

# विवादों में रहे हैं केजरीवाल सरकार के पिछले तीनों कार्यकाल, 2015 में हुई थी इस जंग की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की केजरीवाल सरकार के पिछले तीन कार्यकाल में कई विवाद रहे हैं। दिल्ली सरकार और एलजी या केंद्र सरकार के बीच तकरार चलती रही है। कभी भी विवाद कम नहीं हुआ है, बल्कि और बढ़ा है। केजरीवाल सरकार के गठन के बाद इसी तबादले और नियुक्त को लेकर विवाद शुरू हुआ था। यही वह मुद्दा था जिसे लेकर सबसे अधिक विवाद हुआ है। विवाद की जड़ में जाएं तो मई 2015 में कार्यवाहक मुख्य सचिव लगाए जाने को लेकर विवाद अधिक बढ़ गया था कि माह के लिए विदेश जाने पर तत्कालीन ऊर्जा सचिव शकुंतला गैमलिन को कार्यकारी मुख्य सचिव बनाए जाने पर यह विवाद गर्मा गया था, उस समय दिल्ली सरकार ने कार्यकारी मुख्य सचिव पद के लिए नैनी जयसीलन, अरविंद रे और एसके सिंह के नाम उपराज्यपाल के पास भेजे थे। मगर एलजी ने गैमलिन को जिम्मेदारी सौंप दी थी। इस पर दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल आमने-सामने आ गए थे।

**क्या क्या रहे हैं विवाद?:** आम आदमी पार्टी 2013 में पहली बार 49 दिन सत्ता में रही थी, मगर कांग्रेस से हुए मनमुटाव पर केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया था और आप की सरकार चली गई थी। 2015 में नजीब जंग के उपराज्यपाल रहते इस जंग की शुरूआत हुई थी।

**एक अप्रैल 2015** : तत्कालीन उपराज्यपाल नजीब जंग ने नौकरशाहों से मुख्यमंत्री का वह आदेश नहीं मानने को कहा जिसमें पुलिस, पब्लिक आर्डर और जमीन से जुड़े सभी मामलों की फाइलें उनके माध्यम से एलजी को भेजने के लिए निर्देश दिया गया था।

**29 अप्रैल 2015** : केजरीवाल ने अधिकारियों से कहा कि सभी फाइलें उपराज्यपाल के पास भेजने की जरूरत नहीं है।



**15 मई 2015** : केजरीवाल ने शकुंतला गैमलिन को कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाए जाने का विरोध किया।

**20 मई 2015** : जंग ने दिल्ली सरकार द्वारा की गई सभी नियुक्तियों को रद कर दिया और कहा कि सभी नियुक्तियों का अधिकार केवल उन्हे है।

**21 मई 2015** : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया कि दिल्ली में सभी तरह के स्थानांतरण और नियुक्तियां करने का अधिकार केवल उपराज्यपाल को है। साथ ही एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) को केंद्र सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने के अधिकार से बाहर कर दिया।

**बढ़ता गया विवाद**

**आम आदमी पार्टी 2013 में पहली बार 49 दिन सत्ता में रही थी, मगर कांग्रेस से हुए मनमुटाव पर केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया था**

**28 मई 2015** : आप सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को हाइ कोर्ट में चुनौती दी।

**28 मई 2015** : केंद्र सरकार अपनी अधिसूचना को लेकर हाइ कोर्ट की टिप्पणियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई।

**10 जून 2015** : हाइ कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को रद कर दिया।

**4 अगस्त 2016** : हाइ कोर्ट ने उपराज्यपाल का दिल्ली का प्रशासनिक मुखिया बताया।

**31 अगस्त 2016** : हाइ कोर्ट के आदेश को आप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

**15 फरवरी 2017** : सुप्रीम कोर्ट ने राजनिवास और दिल्ली सरकार के बीच चल रही रस्साकशी को संवैधानिक पीठ को भेज दिया।

20 फरवरी 2018 : मुख्य सचिव अंशु प्रकाश ने आप विधायकों और मुख्यमंत्री पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया।

**11 जून 2018** : केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ राजनिवास में धरने पर बैठ गए।

**19 जून 2018** : केजरीवाल और उनके मंत्रियों ने नरम रूख अपनाते हुए धरना खत्म कर दिया।

4 जुलाई 2018 : सुप्रीम कोर्ट के की पांच सदस्सीय पीठ ने उपराज्यपाल को चुनी हुई सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य करार दिया।

**सरकार का बैजल के साथ कब कब रहा है टकराव**

**मार्च 2020** -कोविड महामारी के दौरान केजरीवाल सरकार और एलजी कार्यालय आम तौर पर एक ही साथ थे।हालांकि कुछ ऐसे उदाहरण भी आए हैं जब आप सरकार और एलजी कार्यालय आमने-सामने थे।

**मार्च 2021**-उपराज्यपाल को शक्तियां प्रदान करने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली संशोधन विधेयक 2021 को संसद से मंजूरी।

## न्यूज फ्लैश

### शारदा हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

**ग्रेटर नोएडा ।** शारदा हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम में सामुदायिक चिकित्सा की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मनाया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) और शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (यूएचटीसी) में हॉस्पिटल की विशेष टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर विभिन्न कार्यक्रम जैसे शिक्षण कार्यक्रम, वर्कशॉप, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता सत्र जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लाभार्थियों को स्तनपान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इन कार्यक्रमों के दौरान सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. हर्ष महाजन, डॉ. अमित पैवैया, डॉ. नेहा त्यागी, डॉ. अंशू, डॉ. अंबरीन, डॉ. नीति, डॉ. हिमांशु, डॉ. मेराज, डॉ. कविता भी मौजूद रहें। इस पहल के बारे में बात करते हुए शारदा हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी श्रीवास्तव ने कहा शारदा हॉस्पिटल हमेशा से ही महिलाओं के स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस आयोजन के माध्यम से हम स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों, दोनो के लिए बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। डॉ. अंबरीन चौहान- सहायक प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, शारदा अस्पताल ने भी इस आयोजन के सफल होने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, एक हफ्ते तक चलने वाले इस आयोजन का अनुभव शानदार रहा। जिस उद्देश्य से हमने यह पहल की थी, मुझे लगता है हम उसमें सफल रहे हैं। जिसका उदाहरण है हमारे नतीजे जिनमें सलारपुर और भंगेल में 62 और पचायतन में 87 लाभार्थियों की संख्या रही। भविष्य में भी शारदा हॉस्पिटल इस तरह के कार्यों के लिए हमेशा तैयार है।

### आकाश बायजूस ने रोहतक में किया प्री-मेडिकल करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन

**रोहतक।** आकाश बायजूस ने 6 अगस्त और 7 अगस्त 2023 को रोहतक में प्री-मेडिकल करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया, जहां कक्षा -12 और रिपीटर बैच के छात्रों को मेडिकल और पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों, अनुसंधान और विभिन्न अन्य करियर विकल्पों के संबंध पात्रता मानदंड, सीट मैट्रिक्स, बांड विवरण, सरकारी और निजी कॉलेजों के अपेक्षित कट-ऑफ अंक; राष्ट्रीय और राज्य-वार परामर्श प्रक्रियाओं की विशेषताओं के साथ-साथ उनमें आवश्यक विशिष्ट दस्तावेज और कॉलेज चयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। नीट -यूजी के करियर काउंसलिंग विशेषज्ञ, आकाश बायजूस के श्री अमित अरोड़ा ने छात्रों और उनके माता-पिता को राज्य/शैक्षणिक पात्रता मानदंड, आयु सीमा, सीट मैट्रिक्स, प्रवेश प्रक्रिया आदि के बारे में कई शंकाओं का समाधान किया। नीट -यूजी /एम्स के महत्वपूर्ण आंकड़ों और पिछले 5 वर्षों के कट-ऑफ विश्लेषण पर चर्चा करते हुए, उन्होंने उन अंकों को साझा किया जिन्हें छात्रों को अपने मूल राज्यों के सर्वश्रेष्ठ कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए लक्षित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने मेडिकल और पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों के संबंध में कुछ बैकअप विकल्प और उनके विवरण भी सुझाए।

**कॉलेजों की संख्या और सीट मैट्रिक्स :**अब कई नए मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 706 हो गई है और मेडिकल सीटों की कुल संख्या 1 लाख 8 हजार 248 हो गई है। इसी तरह डेंटल कॉलेजों की संख्या भी बढ़कर 318 हो गई है। और वहां कुल सीटों की **संख्या अब 27 हजार 868 है.**

**आयु सीमा :** नीट (यूजी) के अभ्यर्थी को परीक्षा वर्ष के 31 दिसंबर को या उससे पहले 17 वर्ष पूरे करने होंगे।

### वॉर्ड-13 में महापौर ने लगवाया गया कैंप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**महापौर** रेनू बाला गुप्ता व वार्ड नंबर 13 से पार्षद ईश गुलाटी द्वारा मनोहर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड में लोगों की समस्याएं सुनने के लिए फैमिली आईडी बनाने के लिए एक कैंप लगाया गया, जिसके माध्यम से घर द्वार पर ही लोगों की समस्याएं हल की गई और उनकी फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड के अलावा अन्य जो सरकारी सुविधाएं हैं, उनके जानकारी दी व उनकी त्रुटियों को दूर करने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑब्जेक्शन डलवाए गए। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में उनका प्रयास रहेगा कि हर वार्ड में इस तरह के कैंप लगाया जाए, ताकि लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर संबंधित विभाग के सरकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे और उनके द्वारा लोगों की समस्याएं सुनकर तुरंत समाधान किया गया ।महापौर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल में चहुंमुखी विकास हो रहा है, जिसके चलते अधिकारी लोगों के घर द्वार पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं।

# 'नई अनाज मंडी में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस'

## एसडीएम निर्मल नागर तैयारियों को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **नई** अनाज मंडी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक डॉक्टर निर्मल नागर ने सचिवालय के कान्फ्रेंस हाल में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी की अलग- अलग ड्यूटी लगाई है। एसडीएम ने आमजन का भी आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। एसडीएम ने



विभिन्न प्रकार के प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों की अलग-अलग ड्यूटी भी लगाई। उन्होंने सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि जिस अधिकारी को जो ड्यूटी दी गई है उसका निर्वहन वो पूरी ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाए, जिसके चयन के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। परेड में भी एनसीसी व एनएसएस तथा स्काऊट की टुकडियों को विशेष रूप से शामिल किया जाए। एसडीएम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर 10,11,12 व 13 अगस्त को परेड की रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि 13 अगस्त को फाईनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वागत द्वारों का आकर्षक रूप में तैयार करवायें। इस मौके पर एसीपी गोरखपाल राणा,तहसीलदार मनोज कुमार,बीडीपीओ पूनम चंदा,बीईओ सतीश शर्मा,सचिव नगरपालिका प्रदीप खर्ब,सचिव मार्केट कमेटी चन्द्रप्रकाश,आजाद सिंह दहिया,अशोक राठी प्रधानाचार्य सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए एसडीएम द्वारा बुलाई बैठक में कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी नदारद रहे।

## पैरा पुरुष वर्ग व्हील चेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **गुजरात के वड़ोदरा** जिले में 12-13 अगस्त को राष्ट्रीय स्तरीय पैरा पुरुष वर्ग व्हील चेयर बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता कला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी हरियाणा राज्य व्हीलचेयर बास्केट बाल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व टीम मैनेजर विजय खोखर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की टीम का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पानीपत के पिंकू जागलान, कुरूक्षेत्र के प्रमोद कुमार, रेवाड़ी के कुलदीप जाटव, सोनीपत नाहरी के रविंद्र दहिया, खरखौदा के प्रदीप दहिया, गन्नौर से विजय खोखर, झज्जर से उमेश

**प्रतियोगिता**

**▶▶ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की टीम का चयन कर लिया गया है : विजय खोखर**

सहरावत, गुलाब सिंह, पंकज खत्री, सुरेंद्र कुमार, नवनीत शर्मा, राजकुमार, कर्ण सिंह सहित 14 सदस्य टीम की तरफ से खेलते हुए प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि पैरा खेल को मजबूत करना, सामाजिक सद्भावना, खेल से आत्मनिर्भरता, शारीरिक मजबूती, दिव्यांगता को हरा कर स्वयं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

## डीसी ने रोड सेफ्टी की ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**डीसी** वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को सडक सुरक्षा सप्ताह से सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य बिन्दूओं पर चर्चा की। बैठक में डीटीओ नीरज गोयल ने बैठक का एजैण्डा प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने कहा कि शहर के मुख्य बाजारों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाए और पीली पट्टी लगाकर इसका स्थाई समाधान भी किया जाए ताकि लोग दोबारा अतिक्रमण ना कर सके। पीली पट्टी से बाहर सामान रखने वाले और वाहन खड़े करने वालों के चालान भी किए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर में उत्तर प्रदेश से आवागमन करने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति बन रही है जिनमें से सम्भावित वाहन अपनी मियाद भी पूरी कर चुके हैं, इन पर भी शिकंजा कसा जाए। कई बार इनके आपसी झगड़े के कारण वाहनों में सवार यात्रियों को नुकसान उठाना पड़ता है। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने निर्देश दिए कि समालखा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए जा रहे काम में तीव्रता दिखाएं क्योंकि वहां लोगों को बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में एसपी अजीत सिंह शेखावत,एसडीएम वीरेन्द्र ढूल, एसडीएम समालखा अमित कुमार,नगराधीश राजेश सोनी,डीएसपी सुरेश सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में मंगलवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पॉजिटिव केस

**सोनीपत/रमेश कुमार**

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिला में 60 हजार 85 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करें।

## हरियाणा में आप की सरकार बनने पर देंगे फ्री बिजली : राकेश मुंजाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश मुंजाल के नेतृत्व में पानीपत शहर बिजली आंदोलन को लेकर डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। वहीं अभियान में लोगों को बताया गया कि दिल्ली व पंजाब में लोगों के बिजली के बिल जीरो आते आते हैं और हरियाणा में आम व्यक्तियों के घरों का बिल भी हजारों में आते हैं। मुंजाल ने दावा किया कि हरियाणा में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को फ्री बिजली मिलेगी और उनका बिल भरने की टेंशन नहीं रहेगी। इस अवसर पर करनाल लोकसभा के



उपप्रधान अनिल शर्मा, रविंद्र मक्कड़, प्रवीण खन्ना, धर्मपाल, चिराग, हेमा, अनीता शर्मा, पूजा अरोडा, वंशिका, डिंपल, सरदार कृपाल सिंह, सतपाल, जोगिंद्र दीवान, लखविंद्र सिंह व अमरनाथ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय** में बी.कॉम और बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र और छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यतः विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों, संरचनाओ व पाठ्यक्रम से अवगत कराने के लिये आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सत्र के आरम्भ में आयोजित किया जाता है, जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता है। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की सम्बंधित प्राध्यापकों



से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा महाविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले परीक्षा सम्बंधित और शिक्षणेत्तर कार्यकलापों से सम्बंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गयी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया और उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने महाविद्यालय में आए सभी विद्यार्थियों को नैतिक व संस्कारिक मूल्य आधारित शिक्षा को जीवन में अपनाने के बारे में कहा और महाविद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में आप अपने पुरुषार्थ से अपनी मंजिल निर्धारित कर सकते हैं। इस अवसर पर उप-प्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अनुशासन के बारे में बहुत सी बातें विस्तार से बताई और महाविद्यालय में आने वाले प्रत्येक छात्र छात्रा को महाविद्यालय की आचार-संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सुनीत शर्मा ने परीक्षा नियंत्रक के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा से संबंधित मापदंडों से विद्यार्थियों का परिचय करवाया। महाविद्यालय की समय सारणी को भी उन्होंने विद्यार्थियों के सम्मुख विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया और विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के बारे में जानकारी दी। लाइब्रेरी महाविद्यालय का बहुत महत्वपूर्ण अंग है और लाइब्रेरी में मौजूद पुस्तकों एवं सुविधाओं के बारे में विद्यार्थियों को डॉ. प्रवीण ने विस्तार से बताया । प्लेसमेंट एवम करियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आने वाली कंपनियों और पिछले सालों की प्लेसमेंट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट राजेश ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की एन.सी. सी इकाई के बारे में अवगत कराया।


## इमामी हेल्दी एंड टेस्टी एडवांस सोया बड़ी ने 5-का-दम के भरपूर लाभ के साथ अपनी मौजूदगी बढ़ाई

**नोएडा।** इमामी हेल्दी एंड टेस्टी एडवांस सोया चंक्स, जिसका उत्पादन एवं बिक्री इमामी एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा किया जाता है, ने पिछले दो सालों में पश्चिम बंगाल में सफलता हासिल करने के बाद, अब बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बाजारों में कदम रखा है। भारत में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी एडवांस सोया चंक्स एकमात्र ऐसा सोया बड़ी है, जो आपके आहार को पांच अत्यावश्यक तत्वों से भरपूर बनाती हैं और आपको 5 का दम देती है। यह प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, जिंक और डाइटरी फाइबर जैसे 5 आवश्यक पोषक तत्वों की अच्छाईयों से भरपूर है। यह आपके खाने को स्वादिष्ट बनाते हैं और आपको शक्ति, इम्युनिटी, न्यूट्रीशन एवं ग्रोथ जैसे फायदे प्रदान करते हैं। इमामी एग्रोटेक में सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट के वीपी श्री प्रफुल्ल आंचलिया ने इस अवसर पर कहा, हमने पश्चिम बंगाल के बाजार में प्रोसेस्ड फूड की इस श्रेणी में मार्च 2021 में प्रवेश किया था और महज दो वर्षों में एडवांस सोया चंक्स ने पांच फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। पश्चिम बंगाल में सोया बड़ी की सबसे ज्यादा खपत होती है। साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों में भी इस प्रोडक्ट के लिए काफी संभावनायें हैं। इन राज्यों में सोया बड़ी जैसे शाकाहारी हाई प्रोटीन प्रोडक्ट के लिए उपभोक्ताओं की मांग काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। पूरी तरह से ऑटोमेटेड आधुनिक फैक्ट्री में बनाया गया, हमारा ब्रांड एडवांस सोया चंक्स उपभोक्ता को पूर्ण रूप से पोषण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।


## छात्रों को समय रहते तय कर लेना चाहिए अपना लक्ष्य : जगतप्रीत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**रोजगार विभाग** हरियाणा द्वारा 7 से 11 अगस्त तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः 10 बजे सेक्टर - 8 स्थित संत कबीर पब्लिक स्कूल व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी जाटान (इंद्री) में रोजगार विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार व्यावसायिक मार्गदर्शन के अंतर्गत मंडल रोजगार कार्यालय, करनाल की तरफ से जगतप्रीत एवं मंजू द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को भविष्य में अपनाए जाने वाले कोर्सों, प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दोनों सेमिनार में लगभग 101 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिए। इससे तैयारी करने में आसानी होगी।

## ब्राह्मण महापंचायत 13 अगस्त को : रामरतन

**पानीपत,8 अगस्त/टीम एक्शन इंडिया।** **ब्राह्मण महासभा** के पानीपत जिला प्रधान राम रतन शर्मा ने कहा कि समाज की एकजुटता के लिये पानीपत शहर में गोहाना रोड स्थित भगवान श्री परशुराम धर्मशाला में 13 अगस्त को समस्त ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पानीपत जिलाभर के ब्राहमण समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल होगे। रामरतन शर्मा ने मंगलवार को बापौली का दौरा



करके समाज के लोगों को महापंचायत में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि आज ब्राहमण समाज को पाटीर्बाजी से उपर उठकर व एकजुट होकर समाज के हकों के लिये संघर्ष करने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि महापंचायत में समाज की एकजुटता के अलावा युवाओं को जिला व ब्लाक स्तर पर जिम्मेदारी देने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर बापौली खंड प्रधान सुनील शर्मा एडवोकेट, नन्हेड़ा सरपंच नवीन शर्मा एडवोकेट, पूर्व सरपंच नारायणा विनोद शर्मा, सनौली ब्लाक प्रधान गुलशन शर्मा, संदीप शर्मा गोयला कलां, ईश्वर शर्मा छाजपुर, शिव नारायण बापौली, रामनिवास नन्हेड़ा, राजेश शर्मा छाजपुर, जसवंत शर्मा नन्हेड़ा, सतीश शर्मा जालपाड़, अमित शर्मा छाजपुर खुर्द व अशोक शर्मा हथवाला आदि मौजूद रहे।

## आप कार्यकर्ताओं ने शहर में बिजली आंदोलन अभियान चलाया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर की (कॉलानी) में बिजली आंदोलन अभियान चलाया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली आंदोलन अभियान के अंतर्गत कॉलानीवासियों की समस्याओं को सुना और खट्टर सरकार की पोल खोली। बिजली आंदोलन अभियान में लोगों से घर घर जाकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली से संबंधित समस्याएं लिखी और लोगों को आम आदमी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है, 6 से 8 घंटे बिजली के कट



लगते हैं। उन्होंने ने कहा कि जिला में प्रतिदिन सैंकड़ों लोग आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जिस तरह दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम कर रही है। उसी तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हर परिवार को बिजली 300 युनिट प्रति महीना मुफ्त दी जाएगी। सुरा मे हिंदुस्तानी ने कहा कि खट्टर सरकार में प्रदेश की जनता महंगी बिजली बिल से परेशान है। 200 यूनिट बिजली का बिल 1100 रुपए आता और 300 यूनिट बिजली का बिल 1800 रुपए आता है। है। वहीं दिल्ली में 200 यूनिट बिजली का बिल जीरो आता है। वहीं दिल्ली और पंजाब में मुफ्त बिजली आती है और बिजली के बिल जीरो आते हैं। सीएम खट्टर के राज में प्रदेश में 200 यूनिट बिजली उपयोग करने वालों को एक साल के 13200 और 300 यूनिट बिजली उपयोग करने वालों को 21600 रुपये अपनी जेब से देने पड़ रहे हैं। जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार होने व बिजली मुफ्त होने से इन रुपये की बचत होती है ।उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में जनता के बिजली बिल लाखों में आ रहे हैं, यदि कोई पैसा न होने की वजह से बिल न चुका पाए तो उसका कनेक्शन काट देते हैं। झूठे इल्जाम लगाकर पुलिस की कार्रवाई जैसे निर्दयी काम करते हैं। अब हरियाणा की जनता खट्टर सरकार से त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में स्मार्ट के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है, पुराने मीटरों को बदला जा रहा है जिसकी वजह से बिजली का बिल और भी महंगा हो गया है। जनता खट्टर सरकार से परेशान हो चुकी है।

## चोरों ने खेड़ी तगा के मंदिर के स्टोर रूम से सामान किया चोरी, सीसीटीवी में कैद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। खेड़ी** तगा के मंदिर के स्टोर रूम से चोर सामान चोरी कर ले गया। चोरी के बाद मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो गांव का ही एक व्यक्ति चोरी करता हो गया। मंदिर के पुजारी ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव खेड़ी तगा शिव मंदिर के पुजारी हिमांशु ने बताया कि उनकी माता की तबियत खराब होने की वजह से 4 अगस्त को वह अपने बच्चों के साथ अपने गांव गागौर जिला शामली, यूपी गया हुआ था। इसी दिन गांव के सरपंच ने उन्हें फोन कर मंदिर के स्टोर रूम से चोरी



होने की सूचना दी। अगले दिन जब वह मंदिर पहुंचे और वहां लगे सीसीटीवी चैक किए तो उसमें गांव खेड़ी तगा का ही अनिल मंदिर परिसर के स्टोर रुम से चोरी करता दिखा। इसके बाद गांव के सरपंच व ग्रामीणों को बुला कर स्टोर रूम की जांच की तो वहां से सिलेंडर, पीतल की अखंड ज्योत, लोहे की कुछ एंगल, चांदी का पतीला चोरी हुआ मिला। पुलिस ने पुजारी हिमांशु की शिकायत पर अनिल के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# नरेला में मेट्रो सेवा उपलब्ध न होने पर आगामी चुनाव का करेंगे बहिष्कार: हेमराज







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिठाला से** नरेला तक मेट्रो रेल नेटवर्क सेवा के विस्तार को लेकर नरेला की 'रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति' द्वारा समिति के अध्यक्ष हेमराज बंसल के नरेला के पाना मामूरपुर स्थित आवास पर आगे की रणनीति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सांसद हंसराज हंस के सचिव अमरजीत सिंह, रोहिणी से बीजेपी विधायक विजेंद्र गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा विनोद सहरावत और बीजेपी के उत्तरी-पश्चिमी जिला अध्यक्ष सतनारायण गौतम शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा की क्षेत्र में मेट्रो की पहुंच को लेकर धरातल पर कार्य आरंभ हो सके, इसके लिए हम जल्द जल्द ही केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से मिलेंगे। वहीं क्षेत्र के पूर्व बीजेपी विधायक नीलदमन खत्री ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में मेट्रो की पहुंच के लिए समिति के प्रदर्शन में मैं सबसे आगे रहूंगा। वहीं समिति के संयोजक हेमराज बंसल ने कहा कि सरकारों द्वारा हमेशा नरेला को नजरअंदाज किया जाता रहा है। अगर क्षेत्र में मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं होती, तो हमें आगामी चुनावों का बहिष्कार भी करेंगे। वहीं नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने कहा कि शासन-प्रशासन जाग जाएं, वरना आंदोलन विकराल रूप लेगा। मेट्रो रेल की मांग को नहीं माना गया, तो हम नरेला में मेट्रो को लाने के लिए कुछ भी करेंगे। अंत में सतनारायण गौतम ने कहा कि नरेला में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए बीजेपी शीर्ष नेतृत्व तक, शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी के समक्ष मामले को उजागर कर, यह सुनिश्चित करेंगे की क्षेत्र में मेट्रो का कार्य जल्द करवाया जा सके।

दरअसल केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के शिलान्यास के लिए रेलवे मंत्रालय द्वारा नरेला रेलवे स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति द्वारा नरेला स्टेशन के विकास की खुशी के साथ ही नरेला में मेट्रो की पहुंच के लिए उसी दिन कार्यक्रम स्थल के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करके भारत सरकार तक क्षेत्रवासियों के आक्रोश व अपनी आवाज पहुंचाने का उद्देश्य था। लेकिन भाजपा के क्षेत्रीय सांसद हंसराज हंस व कई कद्दवार नेताओं के आग्रह पर कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया था। बैठक में संयोजक सहित अब्बास अली, राजेंद्र सिंघल, रामा खत्री,नौतन दास अरोड़ा, जे.पी. बागेश्वर, ऋषि भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद केशरानी, नरेला से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, मनोज बंसल, थान सिंह यादव, प्रदीप मंगला, गजराज खत्री, मंडल अध्यक्ष बीजेपी अशोक अमरोही, अनिल शर्मा, नवीन मल्होत्रा, शालिका अग्रवाल और कुमारी नंदिनी प्रमुखता से उपस्थित रहे।



नरेला में समाजसेवी राजकुमार अरोड़ा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## चरित्र पर शक के चलते लोहे की रॉड से पीटकर पत्नी की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में चरित्र पर शक के चलते एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की शिनाख्त सावित्री (35) के रूप में हुई है। हमले के दौरान बीच-बचाव कराने आए नीरज (30) पर भी आरोपित ने हमला कर दिया।

शोर-शराबा और हंगामा हुआ तो लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी।

खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सावित्री और नीरज को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां सावित्री को मृत घोषित कर दिया गया जबकि नीरज का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सावित्री के पति घनश्याम (40) को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल लोहे की रॉड को बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली सावित्री की करीब 12 साल पहले सहारनपुर निवासी घनश्याम से शादी हुई थी। दोनों के यहां आठ साल की एक बेटी है। घनश्याम राजमिस्त्री और उसकी पत्नी सावित्री निमार्णाधीन साइट पर मजदूरी करते थे। दोनों दिल्ली के अलावा एनसीआर में भी काम करते थे।



वार्ड 2 बांकनेर के स्वतंत्र नगर मे मानसून सीजन के चलते जलभराव को रोकने के लिए सीवर, नालियों की सफाई करते दिल्ली नगर निगम कर्मचारी।

## शहीदी पार्क का हुआ शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शहीदी पार्क का शिलान्यास एलजी विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में मंगलवार को हुआ। शहीदी पार्क को आईटीओ के पास करीब 4.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है। इस पार्क की खासियत ये है कि यह पार्क भारत के गौरवमयी इतिहास को अपने अंदर समेटे हुए है।

इस पूरे पार्क लगी कलाकृतियों में वेस्ट मेटिरियल लोहे के खराब सामान, बिजली के खम्भे, पुरानी कारें, ट्रक, पार्को की ग्रिल, ऑटो मोबाइल पार्ट और पाईप समेत अन्य वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है। इन कलाकृतियों को 10 कलाकारों और करीब 700 कारीगरों ने मिलकर करीब छह महीने में विकसित किया है। इस पार्क के निर्माण कार्य में 250 टन से अधिक स्क्रैप का इस्तेमाल किया गया है। पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए चम्पा,, फाइकस बैनजामिना, फरकेरिया, ऐरिका पॉम, सिंगगोनियम समेत अन्य प्रजाति के 56 हजार पेड़-पौधे लगाए गए हैं। इस पार्क में आगंतुकों के लिए विभिन्न सेवाओं का प्रबन्ध किया गया है। इसमें स्मारिका की दुकानें व फूड कियोस्क आदि शामिल है। पार्क को 9 भागों और 3 चित्रशालाओं में बांटा गया है। शहीदी पार्क में प्रवेश करने के साथ ही आपका भारत के गौरवमयी इतिहास से परिचय की शुरूआत हो जाएगी।

## निर्माणाधीन अस्पताल का नाम रखा जाना था संत दुर्बल नाथ...


### लोकापर्ण हुआ लेकिन बोर्ड तक नही, संत दुर्बल नाथ महारज के नाम से हुआ था प्रस्तावित, नही लगा कोई बोर्ड, अनुयायियों मे रोष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तत्कालीन शीला दीक्षित** की सरकार में प्रस्तावित हुए नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 45 स्थित ज्वाला पुरी मे निर्माणाधीन अस्पताल के नाम को लेकर संत दुर्बल नाथ महाराज के अनुयायियों मे रोष व्याप्त हैं।

**शीला दीक्षित की सरकार में प्रस्तावित हुआ था अस्पताल का नाम:** मामले में खटीक समाज ई संस्था के राष्ट्रिय अध्यक्ष विजय ने बताया की ज्वालापुरी में निर्माणाधीन अस्पताल के 4-5 किलोमीटर दायरे में ज्वालापुरी, निहाल विहार, नांगलोई,



मादीपुर, सुल्तान पुरी,मंगोल पुरी,आदि में संत दुर्बल नाथ जी महाराज के लाखों अनुयायी रहते हैं। लोगों की आस्था को देखते हुए पूर्व दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री शिला दीक्षित की मौजूदगी में साल 2011 में ज्वालापुरी में मीटिंग रखी गई थी,जिसमें निर्माणाधीन अस्पताल का नाम संत दुर्बल नाथ महाराज हॉस्पिटल का प्रस्ताव पास किया और बाद में लोकार्पण भी किया गया था।



**केजरीवाल सरकार को लिखित में दी शिकायत:** वहीं विजय ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग, दिल्ली सरकार के द्वारा निर्माणाधीन अस्पताल के बाहर हॉस्पिटल के नाम का कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है,जो कि निर्माण नियमों का उल्लघंन हैं। संस्था ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को व जन शिकायत आयोग दिल्ली सरकार को लिखित में शिकायत भी दे चुके हैं, जो कि सालों से डिप्टी डायरेक्टर के पास लंबित हैं।

**विधायक से मिला संस्था का प्रतिनिधिमंडल:** निर्माणाधीन हॉस्पिटल के नाम लिए खटीक समाज ई संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल ने आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक रघुविंद्र शौकिन से मुलाकात की और उनकों निर्माणाधीन हॉस्पिटल का नाम संत दुर्बल नाथ महाराज रखने के लिए ज्ञापन सौंपा।

जिसमें संस्था प्रतिनिधी मंडल में घनस्याम तंवर, परमानन्द पालीवाल, हरबंस नागर, हरीश चन्द्र बडगुजर, रामावतार नावरिया मौजूद थे।

## 'अध्यादेश लाये जाने के बाद दिल्ली मे सरकार का कोई औचित्य नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस नेता** व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लिये अध्यादेश लाये जाने के बाद दिल्ली सरकार का कोई औचित्य नही रह गया है। केंद्र की भाजपा सरकार व दिल्ली सरकार की आपस में नूराकुश्ती चल रही है, दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते है, केजरीवाल सरकार कोई काम करके राजी नही है और न काम करने की नीयत है, केंद्र सरकार तानाशाही में लगी हुई है। श्री जिंदल ने कहा कि डीडीए, एनडीएमसी, दिल्ली छावनी, एयरपोर्ट अथारिटी, दिल्ली मेट्रो व दिल्ली पुलिस दिल्ली सरकार के

**नूराकुश्ती**

**केंद्र की भाजपा सरकार व दिल्ली सरकार की आपस में नूराकुश्ती चल रही है : हरी किशन जिंदल**

अधिकार क्षेत्र में नही है यह विभाग केंद्र सरकार के आधीन है। दिल्ली में विश्व के सभी देशो के दूतावास और हाई कमीशन है और उन देशों के उच्चाधिकारियों का यहां आना जाना लगा रहता है, उनकी सुरक्षा की दृष्टि से सरकार का आपसी तालमेल विभागों में होना चाहिये जोकि नही है और दिल्ली में



इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कर दिल्ली के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार चलाने के लिये अलग-अलग विभाग व पूरी सरकारी मशीनरी है, केजरीवाल सरकार जनता के टैक्स का पैसा बेवजह विज्ञापनो व विधायको की तन्खवाह मे खर्च कर रही है, इसके लगभग सारे नेता भ्रष्टाचार में डूबे है इसलिये दिल्ली सरकार को भंग किया जाना चाहिये।

श्री जिंदल ने कहा कि दिल्ली में पहले सरकार नही थी महानगर परिषद थी उस समय जितने अधिकार महानगर परिषद के पास थे जैसे पार्क, बडे रोड, हास्पिटल व सिविल डिपार्टमेंट जैसे वाटर व सीवरेज बोर्ड, ट्रांस यमुना बोर्ड, जे जे स्लम बोर्ड, ग्रामीण बोर्ड, डीटीसी, डेसू व अन्य सब नगर निगम के अधिकार में थे, उन सबमे से कुछ अधिकार देकर दिल्ली सरकार का गठन किया गया था इनको वापस पुनः नगर निगम के अंदर लाकर दिल्ली नगर निगम को ताकत दी जाये। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और यहां पर D ग्रेड की विधानसभा का दर्जा दिया हुआ है इसलिये दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने में तकनीकी अड़चन है, केजरीवाल साहब को मुख्यमंत्री बने हुए लगभग 9 साल हो गये है उन्होने आज तक दिल्ली के लिये कोई काम नही किया है, केजरीवाल साहब को महत्वाकांक्षा, डिप्रेशन व बड़बोलेपन की बीमारी है, उनको इलाज की जरुरत है, केजरीवाल की चतुराई के कारण वह सिर्फ लड़ाई की नीयत और काम न करने के बहाने ढूंढते हैं।

## श्रावण में कांवड़ यात्रा पर गोष्ठी संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय आर्य युवक** परिषद के तत्वावधान में "श्रावण में कावड़ यात्रा" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह करोना काल से 564वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्य ने कहा कि कावड़ यात्रा को धर्म प्रचार यात्रा का रूप देना चाहिए इतनी धन जन शक्ति लगती है पर समाज को कोई लाभ नहीं मिल पाता,यदि वेद प्रचार भी जुड़ जाए तो ज्ञान वर्धन यात्रा हो सकती है इस पर विचार करने की आवश्यकता है। विभिन्न धार्मिक स्थल जो पहाड़ों पर स्थित है देश भ्रमण व अवलोकन का अवसर देते हैं इस बहाने अपनी संस्कृति से जुड़े और प्राकृतिक सुन्दरता का



अवलोकन करें। उन्होने कहा कि वस्तुतः कावड़ यात्रा राष्ट्रीय एकात्मता, सामाजिक समरसता, पृथिवी, जल, और प्रकृति का संरक्षण , संवर्धन के साथ मानव के धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए श्रावण मास में एक उत्तम अवसर है। श्रावण मास के श्रुति सम्मत धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, यह प्रयास हम सबको करना चाहिए। हम विशुद्ध रूप से उत्तम कावड़िए बनें, भिन्न भिन्न मंचों से भिन्न भिन्न माध्यमों से यज्ञ अध्ययन स्वाध्याय द्वारा धर्म के स्कंध को पुष्ट करें। शुद्ध ज्ञान, शुद्ध कर्म, शुद्ध उपासना की कावड़ से जीवन का कल्याण करें,ईशावास्यमिदम् अर्थात ईश्वर की कण कण में विद्यमानता को चारों ओर शुद्ध स्वरूप में निहारें। ओम् परमात्मा ही कल्याणकारी शिव हैं निर्माण पालन पोषण रक्षण इत्यादि कार्य उसके शिवत्व को ही दशार्ते हैं। सम्पूर्ण भारत में अलग अलग विद्यमान ज्योतिर्लिंग ईश्वर की ज्ञान ज्योति ' प्रतीक मात्र दीप शिखाओं के समान हैं।


### पेंशन न मिलने के चलते भूख से मर रहे हैं डीटीसी के नॉन ऑप्टेड रिटायर्ड कार्मचारी, एक तरफ बुर्जुगों को तीर्थ यात्राएं, दूसरी ओर पेंशन तक नहीं

## डीटीसी के नॉन ऑप्टेड रिटायर्ड कर्मचारियों हालत हुई दयनीय, नहीं मिल रही पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक** सरकारी कर्मचारी अपने बुढ़ापे को सरल और सुगम बनाने के लिए अपनी तन्खवाह का कुछ अंश सरकार को पीएफ के रूप में देता हैं। वहीं जब वह व्यक्ति रिटायर्ड होता हैं तो उसके बाद सरकार उस व्यक्ति को पेंशन के रूप में ताउम्र देती हैं, लेकिन जब सरकार पेंशन ही देना बंद कर देती हैं उस व्यक्ति का गुज़ारा करना बेहद कठिन हो जाता हैं तथा भूखे मरने की नौबत आ जाती है।




**भूख से मर रहें हैं डीटीसी के नॉन ऑप्टेड रिटायर्ड कार्मचारी:** ईपीएस 95 पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विजय बडगुजर ने बताया की दिल्ली सरकार के डीटीसी के नॉन ऑप्टेड कर्मचारियों की हालत अब बद से बदत्तर हो गइ हैं। हजारों रिटायर्ड कर्मचारियों की भूखे मरने की नौबत आ गई हैं। हजारों कर्मचारी पेंशन नही मिलने के कारण बगैर इलाज, मर रहे हैं, उनकी विधवाएं लाचारी का जीवन व्यतीत कर रही हैं।



**जहाँ** एक और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल बुजुर्गो को तीर्थ यात्रा करवाने का ढोंग रचाते है, वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार में काम करने वाले कर्मचारी बिना पेंशन के भूखे प्यासे दर बदर भीख मांगने पर मजबूर हो रहे हैं, लेकिन केजरीवाल साहब झूठे वादों की राजनीति करने मे व्यस्त हैं।
**प्रवीण शंकर कपूर, भाजपा प्रवक्ता, दिल्ली प्रदेश**

**साल बीतने के बाद भी लागू नही पेंशन:** दिल्ली सरकार के डीटीसी बोर्ड द्वारा पेंशन टू नॉन ऑप्टेड कर्मचारी व रिटायर्ड कर्मचारियों कों पेंशन स्कीम के अंतर्गत लाने के लिए 31 अगस्त-2022 कों डीटीसी बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव पास किया गया।

लेकिन बड़े दुःख की बात है की एक साल होने पर भी दिल्ली सरकार व परिवहन मंत्री द्वारा आज तक नॉन ऑप्टेड डीटीसी कर्मचारियों को पेंशन लागू नही कर पाई।

**सैंकड़ों पत्राचार के बाद भी नही दिया कोई जवाब:** विजय बडगुजर ने बताया कि हमारी संस्था तीन चार वर्ष से लगातार मुख्यमंत्री केजरीवाल व परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत कों डीटीसी में रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन स्कीम लागू कराने के लिए लिखित में शिकायत भी दें चूकें हैं, बावजूद इसके अभी तक कोई हल नही निकाला गया हैं तो वहीं डीटीसी अधिकारीयों द्वारा रिप्लाई में एक ही जवाब होता हैं की फाइल प्रिंसिपल सचिव परिवहन के पास अप्रुवल के लिए गयी हैं। बड़े दुःख की बात हैं कि जहां एक तरफ तो दिल्ली सरकार बुजुर्गो को तीर्थ यात्राऐं करवाती हैं,वहीं दूसरी ओर डीटीसी के रिटायर्ड बुजुर्गो कों तिल-तिल मरते देख रही हैं।

# भाजपा सरकार में सरकारी स्कूलों की हालत बद से बदत्तर : बलजीत कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बुढैना के सरकारी स्कूल में जलभराव की समस्या को लेकर मंगलवार छात्र-छात्राओं ने हंगामा कर दिया। नाराज छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया और नारेबाजी की। इस दौरान स्कूल जाते समय सीवर के गड्ढे में गिरने से एक छात्रा निकिता जख्मी हो गई, मौके पर पहुंचे फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक छात्रा को उठाकर तुरंत एकॉर्ड अस्पताल ले गए, जहां बच्ची की मरहम पट्टी



करवाकर उसे घर छोड़ा। बाद में स्कूल पहुंचे कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने बच्चों से बातचीत की और देखा कि स्कूल में दो से तीन फुट पानी भरा हुआ है, जो सीवरेज का गंदा पानी है, जिसमें से गुजरकर बच्चों को स्कूल आना-जाना पड़ता है, जिससे उन्हें कई प्रकार एलर्जी हो रही है और वह बीमार हो रहे है लेकिन प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह से मौन है। उन्होंने कहा कि बरसातों के बाद से यहां पानी भरा हुआ है, जिसके चलते मक्खी मच्छर पनपने लगे है और यहां बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है लेकिन न तो मंत्री और न ही विधायक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जनता मूलभूत सुविधाओं से त्राहि-त्राहि कर रही है, जबकि भाजपा जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। श्री कौशिक ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का नारा देती है, जबकि फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों की हालत बद से बदत्तर बनी हुई है, यहां बच्चों को कोई सुविधाएं नहीं दी जाती, केवल कागजों में विकास की बातें करके लोगों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। बलजीत कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहने के लिए सरकारी स्कूलों को मार्डन विद्यालय बना दिया है, लेकिन इनमें सुविधाएं कुछ नहीं दी जा रही है,कहीं अध्यापकों की कमी है तो कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है तो कहीं बच्चों के लिए कॉपी-किताबें नहीं है। सूचना मिलने के बाद स्कूल में एसडीएम परमजीत चहल और जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे और बाद में उन्होंने बलजीत कौशिक व गणमान्य लोगों के साथ मीटिंग की और आश्वासन दिया कि जल्द ही पानी निकासी के लिए बड़ी मोटर लगवाकर इस समस्या का स्थाई हल करवा दिया जाएगा।

# अनिल कत्याल द्वारा लिखित वैष्णो अराधना का छठा संस्करण होगा लांच, भाटिया ने दी बधाई




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** वैष्णो अराधना भाग 6 का विमोचन 12 सितंबर को मां भूमिका मंदिर कटरा जम्मू कश्मीर में कन्या पूजन के साथ धूमधाम से किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर मां भूमिका के पावन हाथों में मेंहदी की रस्म निभाते हुए मां का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। यह जानकारी महारानी वैष्णोदेवी मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने दी। उन्होंने बताया कि वैष्णो अराधना नाम से यह धार्मिक पुस्तक माता रानी के परम भक्त अनिल कत्याल द्वारा लिखी गई है। दिल्ली पहाडगबंज निवासी अनिल कत्याल महारानी वैष्णोदेवी के परम भक्त हैं तथा मंदिर में होने वाले धार्मिक आयोजनों में वह ना केवल मातारानी की भेंटे लिखते हैं, बल्कि हर कार्यक्रम में वह बढ़ चढक? हिस्सा भी लेते हैं। श्री भाटिया ने बताया कि अनिल कत्याल अब तक 8500 भेंटे लिख चुके हैं तथा उनके द्वारा वैष्णो अराधना नाम से माता रानी की भेंटों की पांच पुस्तकें लांच हो चुकी हैं, जोकि निशुल्क रूप से वितरित की जाती हैं। वैष्णो अराधना नाम का यह छठा संस्करण 11 सितंबर को लांच होगा और इस धार्मिक अवसर पर कटडा में मेंहदी की रात मां भूमिका के साथ भव्य कार्यक्रम भी होगा।

श्री भाटिया ने इस धार्मिक आयोजन के लिए माता रानी के भक्तों को आमंत्रित भी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा के इनोवेटिव टेली-कंसल्टेशन मॉडल को केंद्र ने सराहा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा राज्य में टेली-परामर्श सेवाओं की पहुंच की सराहना केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने की है। हरियाणा में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) के दौरे के दौरान अग्रणी टेली-परामर्श मॉडल के साथ उनके प्रत्यक्ष अनुभव के परिणामस्वरूप की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में संबोधित करते हुए हरियाणा में एचडब्ल्यूसी की अपनी यात्रा का जिक्र किया, जहां उन्होंने एम्स झज्जर के दौरे के दौरान टेली-परामर्श मॉडल को क्रियान्वित होते देखा। निर्बाध और कुशल सेवा से प्रभावित होकर उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य के प्रयासों की सराहना की कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के हर कोने तक पहुंचे।

अनिल विज ने कहा कि हरियाणा राज्य ने अपनी टेली-परामर्श सेवाओं के साथ स्वास्थ्य सेवा नवाचार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, जिसने भौगोलिक बाधाओं को दूर करते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों के बीच की खाई को प्रभावी ढंग से पाट दिया है।

हरियाणा के अभूतपूर्व टेली-परामर्श दृष्टिकोण में 23 केंद्र शामिल हैं, जो राज्य के हर जिले की सेवा के लिए रणनीतिक रूप से स्थित हैं। इन केंद्रों में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में एक विशेषज्ञ केंद्र और राज्य के 22 जिलों में प्रत्येक जिला सिविल अस्पताल में एक केंद्र शामिल है। यह प्रणाली केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उप केंद्रों (एससी) में विशेषज्ञों के बीच सीधे टेली-परामर्श कनेक्शन को सक्षम बनाती है, जिससे निर्बाध स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होती है।

### आबकारी राजस्व में हुई 26 फीसदी की बढ़ोतरी : डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चालू आबकारी वर्ष में अभी तक आबकारी विभाग ने 100 ठेके कम करने के बाद भी पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक राजस्व एकत्रित कर लिया है जो कि एक रिकॉर्ड है।

उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले वर्ष 1250 जोन में 2500 शराब के ठेकों की नीलामी हुई थी और उनसे 5047 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस का राजस्व मिला था। इस वर्ष 100 ठेकों को कम किया गया है और कुछ शराब के ठेकों की बिक्री बकाया है, फिर भी आज तक 6362 करोड़ रुपया लाइसेंस फीस के तौर पर राजस्व के रूप में एकत्रित हो चुका है जो कि पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने इस राजस्व को हरियाणा के इतिहास में पहली बार एक रिकॉर्ड बताया।

उन्होंने बताया कि चालू आबकारी वर्ष के लिए शराब के लगभग सभी ठेकों की नीलामी हो चुकी है, केवल पांच जोन के बकाया थे ,उनकी भी आज आखिरी तारीख है, उम्मीद है कि उनकी नीलामी भी आज हो जाएगी और फिर 20 से 30 करोड़ मिल जाने के बाद यह वृद्धि पिछले साल की तुलना में 27 प्रतिशत होने की संभावना है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आबकारी एवं कराधान विभाग विभाग द्वारा पहली तिमाही में एकत्रित किये गए राजस्व की जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों के अथक प्रयासों की बदौलत राजस्व में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, इस वर्ष की प्रथम तिमाही में पिछले साल की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2023-24 के लिए 'ऑन दी स्पॉट एडमिशन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राज्य में स्थित सभी राजकीय तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त सीटों के प्रति ह्यऑन दी स्पॉट एडमिशनह्ण 09 से 25 अगस्त, 2023 तक प्रतिदिन संस्थान स्तर पर किया जाएगा।

# हरियाणा में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए 4500 मकान: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री होने के नाते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बाढ़ से हुए नुकसान पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि बाढ़ और जलभराव की वजह से प्रदेशभर में 4500 के करीब मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

इनमें से 272 मकान पूरी तरह से गिर गए जबकि चार हजार 236 में नुकसान हुआ है। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 475 लोगों ने आवेदन करके कहा है कि उनके मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। इनमें से 108 लोगों को सरकार मुआवजा दे चुकी है।

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना : धर्मवीर भड़ाना

**अपील**

**आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कई गांवों में जाकर की शान्ति और भाईचारे की अपील**



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आज भी मादलपुर, कुरैशीपुर, फतेपुर तगा गांव में जाकर शांति और भाईचारे की अपील की । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भरण ने कहा कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना और हम सभी को इसी रास्ते पर चलना चाहिए और आपस में भाईचारा बना कर रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग गलत काम करते हैं और भाईचारा बिगाड? का काम करते हैं ऐसे लोगों पर फरीदाबाद पुलिस सख्त कार्यवाही कर रही है । पुलिस की कार्रवाई से फरीदाबाद की जनता संतुष्ट भी है । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांव में जिस तरह का भाईचारा देखा जा रहा है वह अपने आप में एक मिसाल है । उन्होंने कहा कि धौज क्षेत्र के दर्जनों गांव में जिस तरह से लोग भाईचारा रख रहे हैं इस तरह का भाई चारा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि अमन के चेहरे को नफरत की कालिमा से कलुषित करने वालों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। उन्होंने समाज के बुद्धिजीवियों से आग्रह किया गया कि वे सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आप सभी से अपील है कि किसी अफवाह और गलत लोगों की बातों न में आकर आपसी भाईचारा सद्भाव बनाए रखें।

और प्रदेश में पुनः सद्भावना स्थापित करने में सहयोग करें। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता मेहरचंद हरसाना, तेजवंत सिंह बिद्धू, रवि डागर, केशव वर्मा पूर्वांचल आदि ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों के रगों में एक ही तरह का खून बहता है और इससे साबित होता है कि हम सभी आपस में भाई हैं। इस मौके पर कासिम सरपंच, याकूब खान, जब्बार खान, समसुद्दीन, सब्बू खान नेडा , पंचायत मेंबर करीम, किशन, अनवर, महमूद कुरेशी, असगर ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# गंगेश तिवारी ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** कुरुक्षेत्र में हरियाणा खेल कराटे संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश से लगभग 2000 खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया , मुख्य तकनीकी निर्देशक इंटरनेशनल रेफरी कराटे मास्टर गंगेश तिवारी ने व ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य कोच कराटे मास्टर मुकेश यादव ने बताया कि भरत वर्मा ने 84 किलोभार वर्ग मैं सिल्वर मेडल , अभिनव राठौर ने 70 किलोभार वर्ग मैं सिल्वर मेडल व अश्मित अस्लामी ने 25 किलोभार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता, खिलाड़ियों



के फरीदाबाद वापसी पर सेक्टर 22 कराटे ट्रेनिंग सेंटर में स्वागत किया गया और विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बाढ़ से खेतों में जमा रेता बेच सकेंगे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने बाढ़ के कारण खेतों में जमा हुए रेत व मिट्टी को बेचने की मंजूरी दे दी है। इससे होने वाली आमदन पर किसानों व सरकार का अधिकार होगा। प्रदेश सरकार ने इसके लिए पॉलिसी बना दी है। जिसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। रेता बेचने की परमिशन उन्हीं किसानों को मिलेगी, जो मुआवजा राशि छोड़ने की अनुमति देंगे।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पॉलिसी के तहत सरकार की ओर से उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

# हरियाणा स्टेट रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश कमेटी के सदस्य बने विमल खंडेलवाल



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा स्टेट रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश कमेटी के सदस्य विमल खंडेलवाल को बनाया गया है। समाजसेवी विमल खंडेलवाल ने बताया कि वह तकरीबन 17 सालों से समाज की सेवा में तत्पर ता के साथ में कार्य कर रहे हैं। शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों के साथ में वह विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। कैसे भी विषम परिस्थितियों रही हो सदैव उन्होंने समाज के लोगों के साथ जुड़कर मानव उत्थान एवं मानव कल्याण के लिए कार्य किए हैं। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए सामाजिक संगठनों के सहयोग से जन्मदिवस,एनिवर्सरी एवं अन्य विशिष्ट दिन रक्तदान शिविरों का निरंतर आयोजन करवाया है, पर्यावरण के प्रति आसपास के क्षेत्र में निरंतर पौधारोपण के कार्य में सदैव पर चढ़कर अपना सहयोग देते हैं, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान भी लोगों को भोजन, प्लाज्मा,ऑक्सीजन, ब्लड, वैक्सीनेशन के लिए लोगो को जागरूकता के विभिन्न अभियान सामाजिक क्षेत्र में चलाए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा आजीवन सदस्य, संरक्षक, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने का प्रयास किया है। लोगों को जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों के साथ में जोड़ा है। जिसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा 15 अगस्त में 26 जनवरी को कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों के लिए पत्र की प्रशंसा प्रदान किया गया है। आज प्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा प्रदेश कमेटी सदस्य बनाकर जो जिम्मेदारी दी गई है उसके लिए मैं विशेष रूप से माननीय राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, महासचिव मुकेश अग्रवाल, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव बिजेंद्र सोरोत के द्वारा जिम्मेदारी प्रदान की गई है, उसके लिए मैं इन सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं और अपनी पूरी निष्ठा एवं सामर्थ्य के साथ इस मेरे दायित्व को निभाने का प्रयास करूंगा।

# आशा वर्करों ने शुरू की हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा असर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** सरकारी कर्मचारी का दर्जा,26 हजार न्यूनतम वेतन और रिटायरमेंट की आयु 65 साल करने आदि मांगों को लेकर जिले की 1060 आशा वर्कर मंगलवार से तीन दिवसीय हड़ताल पर चली गई। तीन दिवसीय हड़ताल कारण जच्चा-बच्चा की देखभाल और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड?ा लाजिमी है। हड़ताली आशा वर्कर जिला प्रधान हेमलता और सचिव सुधा पाल की अगुवाई में सबेरे से ही लघु सचिवालय सेक्टर 12 के पार्क में एकत्रित होनी शुरू हो गई थी और 1 बजे तक आशा वर्कर के आने के सिलसला जारी रहा। करीब एक बजे हड़ताली आशा



वर्करों ने जुलूस निकाला और डीसी आफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सीटीएम को सौंपा गया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री,सीआईटीयू के प्रधान निरंतर पाराशर, महासचिव वीरेंद्र डंगवाल, एसकेएस के जिला प्रधान करतार सिंह व सचिव युद्धवीर सिंह खत्री भी पहुंचे और आशा वर्कर को संबोधित किया। आशा वर्कर यूनियन हरियाणा की जिला प्रधान हेमलता ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर 10 अगस्त तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरीवश हड़ताल को आगे बढ़ाना पड़ेगा। जिसके लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार होगी। हड़ताली आशा वर्करों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि आशा वर्कर 2005 से नेशनल हेल्थ मिशन में काम कर रही है। कोविड 19 में वर्ल्ड हेल्थ ओरगेनाईजेशन (डब्ल्यूएचआओ) ने भारत की आशा वर्करों सराहना की थीं और मुख्यमंत्री ने 7 हजार रुपए प्रत्येक आशा वर्कर को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी।

# जीवा आयुर्वेद थाइलैंड के पहाड़ी क्षेत्र में दो आयुर्वेद सेंटर शुरू करेगा, जीवा समूह व इरिट्रीट हेल्थ एंड वैलबलिंग के बीच हुई पार्टनरशिप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणीय जीवा आयुर्वेद थाईलैंड के पहाड़ी क्षेत्र पाक थोंग चाई और उत्तरी वन क्षेत्र चियांग माई में पहले दो सेंटर्स स्थापित करेगा। जीवा समूह के अध्यक्ष ऋषि पाल चौहान ने मंगलवार को सेक्टर-21बी स्थित जीवा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इरिट्रीट हेल्थ एंड वैलबलिंग सेंटर के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जीवा आयुर्वेद और इरिट्रीट के बीच यह परस्पर सहयोग समग्र स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान, ध्यान और चेतना की परिवर्तनकारी शक्ति को एक साथ लाता है। इस विस्तार के माध्यम से, जीवा आयुर्वेद दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में




आयुर्वेदिक पद्धतियों और उत्पादों का प्रसार करेगा । जिससे जनता को स्वस्थ और अधिक समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन समाधान उपलब्ध होंगे। श्री चौहान ने कहा कि यह सहयोग स्वास्थ्य देखभाल में आयुर्वेद की परिवर्तनकारी क्षमता के बारे में वैश्विक जागरूकता को एक नई दिशा प्रदान करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आयुर्वेद, माइंडफुलनेस और ध्यान का महत्व और समग्र स्वास्थ्य के कल्याण को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को पहचानने से निस्संदेह दुनिया भर के लोगों के लिए एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा वह आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान और ध्यान की परिवर्तनकारी शक्ति को बढ़ावा देने हेतु संयुक्त प्रयास के लिए जीवा आयुर्वेद और इरिट्रीट को बधाई देते है। भारत व्यापक वैश्विक जन-कल्याण के लिए आयुर्वेद के विशाल ज्ञान को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद से हमारा उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा को अधिक लोगों तक पहुंचाने, ज्ञान प्रदान करने और इसकी वैश्विक पहुंच को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक के रूप में काम करना रहा है। इस तरह के अनूठे पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य दुनिया को आयुर्वेद और ध्यान की वास्तविक क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाना है, जिससे अंततः एक स्वस्थ और अधिक संतुलित दुनिया का मार्ग प्रशस्त होगा। इरिट्रीट के संस्थापक मोंक ड्यूक ने संयुक्त उद्यम की सराहना करते हुए कहा कि जीवा आयुर्वेद के साथ हमारा सहयोग वैश्विक मानसिक कल्याण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आयुर्वेद के प्राचीन और अद्भुत ज्ञान तथा शांति एवं ध्यान की पद्धतियों को मिलाकर हम आंतरिक शांति और आत्म-खोज को बढ़ावा देने की दिशा में आज हम एक छलांग लगा रहे हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक, टीवी व्यक्तित्व और वरिष्ठ राजयोग ध्यान शिक्षिका, बहन बीके शिवानी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि जीवा आयुर्वेद और इरिट्रीट के बीच यह सहयोग समग्र वैलनेस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान और इरिट्रीट की परिवर्तनकारी ध्यान प्रथाओं का एकीकरण व्यक्तियों को आंतरिक शांति प्राप्त करने और उनके जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू आर्थिक मंच के स्वामी विज्ञानानंद जी ने कहा कि जीवा आयुर्वेद और इरिट्रीट का गठबंधन वैश्विक शांति और खुशहाल जीवन प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। यह पहल योग और वेदांत के आदर्शों का प्रतीक है, जो दुनिया भर के व्यक्तियों के लिए आत्म-साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त करती है।

हरियाणा सरकार | G20 भारत 2023 INDIA | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव



"हम देश के अन्नदाता को उन्नत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जब किसानों की उन्नति होगी, तो पूरे राष्ट्र की उन्नति तय है।"

- नरेन्द्र मोदी

# मेरी फसल, मेरा ब्योरा

## खुशहाल होता किसान हमारा

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसलें बेचने हेतु एवं कृषि सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के लिए **कल तक** पंजीकरण अवश्य करवाएं

- किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) या मोबाइल एप से कर सकते हैं पंजीकरण
- गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं मोबाइल एप
- किसानों की उपज की अदायगी सीधे उनके बैंक खातों में
- गन्ना बोंडिग के लिए भी 'मेरी फसल, मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक
- पंजीकरण उपरांत ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर **फसल खराबा** का ब्योरा अवश्य दर्ज करवाएं



'मेरी फसल, मेरा ब्योरा' पर पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि
**वीरवार, 10 अगस्त, 2023**

ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

मेरी फसल, मेरा ब्योरा के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana